

YouTube Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar

हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित



अटल स्वास्थ्य मेला का शुभरंभ, सीएम योगी बोले.......01 | Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in | जिला जज व डीएम ने जिला कारागार का किया निरी.......03

वर्ष: 02 अंक: 159 | बदायूं, बुधवार 25 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ- 08 | मूल्य- 4.00 रूपये


### मंहगाई को लेकर राहुल गांधी का तंज

# जनता मंहगाई से जूझ रही, सरकार कुंभकरणीय नींद सो रही

**दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने मंगलवार को कहा कि जनता बढ़ती कीमतों से जूझ रही है और रोजमर्रा की जरूरतों की छोटी-छोटी चीजों से समझौता करने को मजबूर है जबकि सरकार कुंभकरण की तरह सो रही है।



गांधी ने सोशल मीडिया मंच पर गिरि नगर में एक सब्जी बाजार के अपने हालिया दौरे और गृहिणियों के साथ बातचीत का एक वीडियो साझा किया, जिन्होंने खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के कारण अपनी परेशानी बयां की थी। उन्होंने कहा, पिछले दिनों दिल्ली के एक किराना स्टोर का दौरा किया। किराना स्टोर्स सिर्फ सामान बेचने के माध्यम भर नहीं हैं। इनके ग्राहकों के साथ भावानात्मक और सांस्कृतिक जुड़ाव होता है, लेकिन क्विक कॉमर्स बिजनेस के तेजी से बढ़ने के कारण हजारों किराना स्टोर बंद हो रहे हैं, जो कि चिंताजनक है।

अर्थव्यवस्था में हो रहा बदलाव उन्होंने आगे कहा, ऐसे में हमें एक संतुलन बनाने की आवश्यकता है - एक ऐसा सिस्टम जो टेक्नोलॉजी और इनोवेशन को प्रोत्साहित करे, लेकिन उनके कारण जो गंभीर रूप से प्रभावित हों, उन्हें सुरक्षा जाल भी प्रदान करे। जब हमारी अर्थव्यवस्था में बदलाव हो रहा हो और हम ग्लोबल ट्रेंड्स के हिसाब से आगे बढ़ रहे हों तब यह सुनिश्चित करना बेहद आवश्यक है कि छोटे कारोबारियों का नुकसान न हो।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, श्लोग बढ़ती कीमतों से जूझ रहे हैं और रोजमर्रा की जरूरतों की छोटी चीजों से समझौता करने के लिए मजबूर हैं। हमने लहसुन, मटर, मशरूम और अन्य सब्जियों की कीमतों पर चर्चा की और लोगों के वास्तविक अनुभवों को सुना। कैसे लहसुन 400 रुपये प्रति किलो और मटर 120 रुपये प्रति किलो ने सभी के बजट को हिला दिया है। उन्होंने इस बात पर ध्यान दिया कि लोग क्या खाएंगे और क्या बचाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि चाय पर बात करते हुए हमने गृहणियों के जीवन की समस्याओं को करीब से समझा- कैसे आय स्थिर रही, महंगाई अनियंत्रित रूप से बढ़ती रही। कैसे बचत करना असंभव हो गया है और कैसे सिर्फ खाने का खर्च उठाने के कारण 10 रुपये के रिक्शा के किराए की व्यवस्था करना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर आपके पास कोई सुझाव है या आप कोई कहानी हमारे साथ साझा करना करना चाहते हैं, तो कृपया यहां भेजें। कांग्रेस नेता ने कहा, श्लहसुन कभी 40 रुपये था, आज 400 रुपये का है! बढ़ती महंगाई ने बिगाड़ा आम आदमी की रसोई का बजट - कुंभकरण की नींद सो रही सरकार!

## बैंक लूट कांड: यूपी पुलिस ने एनकाउंटर में दो बदमाश किए ढेर

### लखनऊ और गाजीपुर में मारे गए आरोपी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इंडियन ओवरसीज बैंक के लॉकर तोड़कर करोड़ों की चोरी करने वाले गैंग के दो बदमाशों का एनकाउंटर हुआ है। लखनऊ और गाजीपुर में हुई अलग-अलग मुठभेड़ में दो आरोपी ढेर हो गए हैं।



पहली मुठभेड़ लखनऊ के किसान पथ पर सोबिंद कुमार से हुई थी, जिसमें वो ढेर हो गया। जबकि दूसरा बदमाश और 25 हजार का इनामी सन्नी दयाल गाजीपुर में मारा गया है। सोमवार की देर रात गाजीपुर में यूपी-बिहार बॉर्डर पर यह मुठभेड़ हुई।

बदमाश सन्नी दयाल गाजीपुर में बिहार बॉर्डर पर मुठभेड़ में ढेर हुआ है। गहमर थाना इलाके की बारा पुलिस चौकी के पास यह मुठभेड़ हुई। बैंक चोरी के मामले में शामिल सन्नी दयाल की मौत की पुष्टि गाजीपुर के एसपी इरज राजा ने कर दी है। इंडियन ओवरसीज बैंक के लॉकर तोड़कर चोरी करने के मामले में अब तक दो आरोपी मारे गए हैं। तीन बदमाश गिरफ्तार हुए हैं, जबकि दो अभी भी पकड़ से दूर हैं। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

डीसीपी पूर्वी लखनऊ शशांक सिंह ने कहा कि जब सीपी के नेतृत्व में अपराध दल और पीएस चिनहट की एक टीम अपने नियमित तलाशी अभियान पर थी, तो एक अनियंत्रित कार पुलिस पार्टी की ओर आती दिखाई दी। कार में बैठे एक व्यक्ति ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। पुलिस की गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कार से भारी मात्रा में पीले और सफेद धातु के आभूषण और नकदी बरामद की गई। कार से गोलियों के खोल भी बरामद किए गए हैं। एसीपी विभूतिखंड राधारमण सिंह ने बताया कि रात साढे 12 बजे दो बदमाशों के चिनहट में किसान पथ के पास मौजूद होने की सूचना मिली। पुलिस ने घेराबंदी की तो कार सवार चोरों ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बिहार असरगंज निवासी सोबिंद कुमार के पेट में गोली लगी।

## एक नजर

### नागपुर एयरपोर्ट काम में देरी पर गडकरी की चेतावनी

**दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवर की सुबह नागपुर एयरपोर्ट के रनवे का निरीक्षण किया। उन्होंने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के अधिकारियों को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर नागपुर एयरपोर्ट के रनवे रिकार्पेटिंग का काम एक महीने में पूरा नहीं हुआ तो अधिकारियों को निलंबित कर दिया जाएगा। आखिरी रनवे रिकार्पेटिंग का काम 2013-14 में एएआई के माध्यम से की गई थी। एएआई के साथ मिहान इंडिया लिमिटेड (एमआईएल) नागपुर एयरपोर्ट का संचालन करती है।

एमआईएल ने कहा कि एएआई ने बताया कि परियोजना के अगले साल मई 2025 तक पूरी होने की उम्मीद है। नागपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले नितिन गडकरी ने कहा कि उड़ानों की शेड्यूलिंग और टिकट की बढ़ती कीमतों के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा।

# अटल स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ- सीएम योगी बोले पांच साल में 50 हजार लोगों को मिला लाभ

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में दो दिवसीय श्अटल स्वास्थ्य मेलाश् का उद्घाटन लखनऊ के दिलकुशा लॉन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस अवसर पर लखनऊ में 662 करोड़ रुपये की लागत से 181 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल जी पांच बार लखनऊ से सांसद रहे। उन्होंने देश की राजनीति को अस्थिरता से स्थिरता की ओर अग्रसर किया और पं. दीनदयान उपाध्याय की अन्त्योदय परिकल्पना को साकार किया। उनके कार्यों की प्रेरणा से आज यह अटल स्वास्थ्य मेला गरीबों और जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर रहा है। सीएम योगी ने कहा कि अटल जी के नेतृत्व में 1998-99 में स्वास्थ्य मेलों की शुरुआत हुई थी, जो बीच में बाधित हो गई थी। अब इस परंपरा को पुनर्जीवित करते हुए पिछले पांच वर्षों से अटल स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 2020 से 2023 के बीच इस मेले से 50 हजार से अधिक लोगों ने लाभ प्राप्त किया है।

सीएम योगी ने अटल जी को भारतीय राजनीति का अजातशत्रु बताते हुए कहा कि उनकी सहजता और सरलता ने सभी वर्गों का दिल जीता। उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में लखनऊ का सर्वांगीण विकास हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि आज रक्षा मंत्री ने 662 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर लखनऊवासियों को बड़ी सौगात दी है। सीएम योगी ने कहा कि मेले में कृत्रिम अंग, ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर और ब्लाइंड स्टिक जैसे सहायक उपकरण वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों की पेंशन बढ़ाकर 12,000 रुपये सालाना कर दी गई है।

## सीएम योगी बोले, नेहरू को मुसलमानों की चिता थी.. दलितों की नहीं

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस और अन्य पार्टियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की फितरत हमेशा आंबेडकर विरोधी रही है। ये समाज को विभाजित करने के लिए राजनीति करना चाहते हैं। सीएम ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास दलितों को वंचित रखना रहा है। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू नहीं चाहते थे कि बाबा साहेब संविधान समिति का हिस्सा बनें। यूपीए सरकार में बाबा साहेब के चित्र को नेहरू द्वारा कोड़े मारते दिखाया गया था। इसके लिए तत्कालीन मानव संसाधन मंत्री कपिल सिब्बल को माफी मांगनी पड़ी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब को चुनाव हराया था। कांग्रेस नहीं चाहती थी कि बाबा साहेब लोकसभा में जाएं। कांग्रेस ने कभी भी बाबा साहेब के परिनिर्वाण के बाद स्मारक नहीं बनने दिया। बाबा साहेब ने इस्तीफा देते समय कांग्रेस पर आरोप लगाया था कि कांग्रेस और नेहरू को वंचितों-दलितों की नहीं।

## पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का एक और बड़ा चुनावी एलान

### दिल्ली में देंगे 24 घंटे साफ पानी

**दिल्ली।** में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल लगातार दिल्ली के लोगों के लिए बड़ी-बड़ी चुनावी घोषणाएं कर रहे हैं। एक बार फिर अरविंद केजरील ने एक और चुनावी वादा किया है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में हम 24 घंटे साफ पानी देंगे। प्लांट लगाकर अमोनिया को हटाएंगे। वहीं ढाई हजार ट्यूबवेल लगाएंगे।



अरविंद केजरीवाल ने कहा कि राजेंद्र नगर विधानसभा की एक कॉलोनी में आज से 24 घंटे पानी की सप्लाई शुरू हो रही है। इसे जल्द ही पूरी दिल्ली में शुरू किया जाएगा। इससे पहले भी केजरीवाल ने तीन बड़ी घोषणाएं की हैं। बूस्टर पंपिंग स्टेशन के उद्घाटन के बाद अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की सीएम आतिशी ने राजेंद्र नगर के पांडव नगर स्थित डीडीए फ्लैट्स के स्थानीय आवास पर पहुंचे। जहां पर पानी की गुणवत्ता जांचने के लिए अरविंद केजरीवाल ने सीधे नल से पानी पिया और कहा कि ये पानी साफ है। बीते मंगलवार को दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए। मुख्यमंत्री आतिशी और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को पूर्वी किदवई नगर से महिला सम्मान राशि योजना के लिए पंजीकरण का आगाज किया। योजना में महिलाओं को 2,100 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। इसी तरह, 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों के मुफ्त इलाज की संजीवनी योजना के रजिस्ट्रेशन भी जंगपुरा से शुरू हो गए।

# लापरवाही: सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की 14 साल से उड़ रहीं धज्जियां

**दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बोरवेल और ट्यूबेल में गिरने को लेकर साल 2010 में दिशा-निर्देश दिए थे। मगर आज 14 साल से अधिक समय बाद भी लगातार हो रहीं घटनाएं यह दिखाती हैं कि शीर्ष अदालत के आदेश के अनुपालन में कितनी लापरवाही बरती जा रही है। साथ ही जागरूकता पैदा करने की कितनी जरूरत है।



दरअसल, हाल ही में इस तरह की दुर्घटनाएं होने के बाद यह मुद्दा फिर से सामने आ गया है। इससे हताश और नाटकीय बचाव अभियान फिर शुरू हो गया है।

हाल ही में, एक तीन साल की बच्ची चेतना राजस्थान के कोटपुतली-बहरोड़ जिले में एक खुले बोरवेल में गिर गई थी। उसे 150 फीट गहरे बोरवेल से बचाने के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफको तैनात किया गया था। इसके अलावा, नौ दिसंबर को पांच साल का आर्यन राजस्थान के दौसा में खेलते समय 150 फुट गहरे बोरवेल में गिर गया था और 55 घंटे के बचाव अभियान के बाद उसे बेहोश निकाला गया था और अस्पताल पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया था।

दुखद ये है कि ऐसी त्रासदियों को रोकने के उद्देश्य से 11 फरवरी, 2010 को शीर्ष अदालत द्वारा जारी व्यापक दिशानिर्देशों के बावजूद ये घटनाएं हुई हैं।

11 फरवरी 2010 को शीर्ष अदालत द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में निर्माण के दौरान कुएं के चारों ओर कांटेदार तार की बाड़ लगाना, कुएं के ऊपर बोल्ट के साथ तय स्टील प्लेट कवर का उपयोग करना और नीचे से जमीनी स्तर तक बोरवेल को भरना शामिल था।

ये निर्देश तब जारी किए गए थे जब तत्कालीन सीजेआई के जी बालकृष्णन की अगुवाई वाली एक पीठ ने 13 फरवरी, 2009 को देश में इस तरह की दुर्घटनाओं के बारे में अपने संज्ञान में लाने वाली एक पत्र याचिका पर स्वत: संज्ञान लिया था। शीर्ष अदालत ने अधिकारियों से यह भी कहा था कि इस आदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। उस आदेश में कहा गया था, इस अदालत के संज्ञान में लाया गया है कि कई मामलों में बच्चे बोरवेल और ट्यूबवेल या बेकार कुओं में गिर गए हैं। ये रिपोर्ट विभिन्न राज्यों से आ रही हैं। हमने स्वत: पहल की और शीर्ष अदालत ने 11 फरवरी 2010 को अपने आदेश में कहा था कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने के लिए विभिन्न राज्यों को नोटिस जारी किया है।

अदालत ने निर्देश दिया था कि सभी ड्रिलिंग एजेंसियों, सरकारी, अर्ध-सरकारी या निजी, का पंजीकरण अनिवार्य होना चाहिए। कुएं के पास निर्माण के समय निम्नलिखित विवरण के साथ एक साइनबोर्ड का निर्माणरू (ए) कुएं के निर्माण या पुनर्वास के समय ड्रिलिंग एजेंसी का पूरा पता, (बी) उपयोगकर्ता एजेंसी या मालिक का पूरा पता होना चाहिए।

तीन फरवरी, 2020 को खुले हुए बोरवेल और ट्यूबवेल में बच्चों के गिरने के मामलों के साथ शीर्ष अदालत ने अधिवक्ता जी एस मणि द्वारा दायर एक रिट याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की थी, जिन्होंने इस तरह की दुर्घटनाओं को रोकने में विफल रहने के लिए अधिकारियों के खिलाफकार्रवाई की मांग की थी। शीर्ष अदालत ने अपने 2010 के आदेश के अनुपालन पर केंद्र और सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से जवाब मांगा है।




# कांग्रेसियों ने किया अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**अमर भासकर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** आज जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष संदीप तिवारी के नेतृत्व में बाबा साहब अंबेडकर सम्मान मार्च रसूलपुर स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी द्वारा माल्यार्पण कर प्रारंभ हुआ जो नालबंद चौराहा, इमामबाड़ा चौराहा,छोटा चौराहा, घंटाघर, शास्त्री मार्केट,सेंट्रल टॉकीज चौराहा, गांधी पार्क चौराहा होता हुआ गांधी पार्क में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर इसका समापन हुआ।



इस मौके पर ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति महोदय द्रौपदी मुर्मू जी को संबोधित करते हुए द्वारा जिलाधिकारी फिरोजाबाद को दिया गया।निवर्तमान जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय मल्लिकार्जुन खड़गे जी के निर्देश पर तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय अजय राय जी एवं राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश के प्रभारी माननीय अविनाश पांडे जी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी फिरोजाबाद के निवर्तमान अध्यक्ष संदीप तिवारी द्वारा आज बाबा साहब अंबेडकर सम्मान मार्च का आयोजन किया गया है।

जिसमें निवर्तमान जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी ने बताया की 18वीं लोकसभा के शीतकालीन सत्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान और संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के अपमान के लिए देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है। भाजपा हमेशा से लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती।

इस बार तो हद ही पार कर दी संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद में सरकार से संविधान पर चर्चा की मांग रखी अदानी, मणिपुर, संभल जैसे मामलों पर सदन में बहस की मांग लगातार ठुकराने के बाद प्रतिपक्ष की संविधान पर चर्चा की मांग मान ली गई। इस मौके पर कांग्रेस समेत सभी दलों ने सरकार को लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों की प्रतिबद्धता याद दिलाए। समता,समानता और न्याय के डॉक्टर अंबेडकर के आदर्शों पर चलने की सलाह बीजेपी को कतई रास नहीं आई। सत्ता पक्ष ने लगातार विपक्ष को बोलने से रोकने की कोशिश की।

## सम्मान निधि के लिए अनिवार्य प्रक्रिया जरूरी

**अलीगढ़।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त पाने के लिए जिले के किसानों को एक अनिवार्य प्रक्रिया पूरी करनी होगी। सरकार ने घोषणा की है कि किसान निधि का लाभ केवल उन्हीं किसानों को मिलेगा जिन्होंने अपनी फार्मर रजिस्ट्री समय पर पूरी कर ली है। मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए पीएम किसान सम्मान निधि योजना के सभी लाभार्थियों को सूचित किया है कि डिजिटल युग में पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाते हुए सरकार ने एग्री स्टैक के सहयोग से किसानों के डेटा को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संरक्षित करने का महत्वाकांक्षी कदम उठाया है। इसका उद्देश्य न केवल किसानों को पारदर्शी रूप से सरकारी योजनाओं का लाभ देना है, बल्कि उनकी पहचान को सुरक्षित और आसान बनाना भी है।

# किसान महापंचायत धरने में हुई तब्दील

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**नौहझील।** क्षेत्र के मोरकी स्थित बाजना इंटर कालेज के खेल मैदान में सोमवार को भारतीय किसान कल्याण समिति की क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर 6 वीं मासिक महापंचायत आयोजित हुई।



महापंचायत में सैकड़ों की संख्या में किसान एकत्रित हुए।महापंचायत की शुरुआत किसान मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री,भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जन्म जयंती के अवसर पर उनके चित्र पट पर किसानों द्वारा पुष्प अर्पित कर की। रागनी कलाकार महाशय ऋषिपाल कौशिंदर की टीम ने देशभक्ति रागनियां गाकर समां बांध दिया।

महापंचायत में शासन-प्रशासन का कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा, जिससे आक्रोशित होकर किसान नेता रामबाबू सिंह कटैलिया द्वारा महापंचायत को अनिश्चितकालीन धरना में बदलने की घोषणा कर दी गई। उन्होंने बताया कि पिछले 5 माह से मोरकी मैदान, नौहझील ब्लाक मुख्यालय व तहसील मांट पर मासिक महापंचायत आयोजित कर चुके हैं। इस माह 6 वीं महापंचायत मोरकी स्थित बाजना इंटर कॉलेज के खेल मैदान में रखी गई है। शासन-प्रशासन द्वारा समस्याओं का निवारण तो दूर महापंचायत में शिकायतें सुनने भी नहीं आते। पिछले 5 माह से किसी क्षेत्रीय समस्या का समाधान नहीं हुआ है। क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान न होने तक धरना जारी रहेगा। महापंचायत की अध्यक्षता शीशराम चौधरी व संचालन जयपाल सिंह ने किया। महापंचायत में गिर्राज वशिष्ठ, लोकतंत्र सेनानी चौधरी योगेन्द्र सिंह,एलडीबी चेयरमैन भगवती चौधरी,अजय सरपंच, हरवीर सिंह, जयवीर सिंह, कपिल शर्मा, सतपाल प्रधान, सत्यवीर सिंह, सोनी प्रधान, गुलजारी सरपंच आदि मौजूद रहे।

# जिंक कॉर्नर का सीएमएस ने किया शुभारंभ

**अमर भासकर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** राजनारायण महेश्वरी जिला संयुक्त चिकित्सालय शिकोहाबाद फिरोजाबाद व जिला संयुक्त चिकित्सालय शिकोहाबाद में जागरण पहल रैकेट इंडिया डेटॉल बनेगा स्वास्थ्य इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत ओआरएस एंड जिंक कॉर्नर लगाकर लाभों के बारे में जानकारी दी गई। इस बीच डायरिया नेट जीरो प्रोग्राम के उद्देश्य पर रोशनी डाली।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरसी केशव ने फीता काटकर किया। उन्होंने ओआरएस और जिंक के महत्व और लाभ पर चर्चा की। उन्होंने ओआरएस, जिंक क्या है और कब इसका प्रयोग करना चाहिए इसके बारे में विस्तार से बताया। शून्य से छह साल तक के बच्चों के लिए क्यों आवश्यक है, यह भी बताया साथ ही डायरिया से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सीएमएस ने महिलाओं को डब्ल्यूएचओ के सात सूत्रों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं और बच्चों को 20 सेकेंड तक हाथ धोने का सही तरीका बताते हुए टीकाकरण के लिए जागरूक किया। इसके बाद घर-घर भ्रमण कार्यक्रम के उद्देश्य पर चर्चा की। कार्यक्रम में उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी फिरोजाबाद डॉ.फारुख शेख, शिकोहाबाद के उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ.संजय कुमार, अस्पताल प्रबंधक शिकोहाबाद डॉ.शाने आलम, गुंजन, डोली, नेहा सिंह, योगेश कुमार, अभिषेक वर्मा, सृष्टि गुप्ता, राज नारायण, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर विकास चतुर्वेदी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर भानु प्रताप सिंह, गुलाबी दीदी नीरू देवी, रूबी आदि मौजूद रहे।

## 45 दिन के लिए होगी वैकल्पिक व्यवस्था

**अलीगढ़।** अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग योगेश कुमार ने बताया है कि दौरऊ मोड पिसावा मार्ग पर व्हाइट टापिंग द्वारा मरम्मत कार्य के चलते दौरऊ मोड पिसावा मार्ग के किलोमीटर 9 व 10 में चंडौस आबादी क्षेत्र में सीसी निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य को सुचारू रूप से सम्पादित कराये जाने के लिए मार्ग पर भारी यातायात का संचालन 45 दिन के लिए बन्द करना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक यातायात से अनुरोध किया है कि मार्ग पर भारी वाहनों का प्रचालन 45 दिन के लिये रोकने एवं इन वाहनों को अन्य वैकल्पिक मार्ग से गुजरने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। वैकल्पिक मार्ग के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया है कि जट्टारी एवं गौमत से एनएच-334 को जाने वाले भारी वाहन चण्डौस से ना जाकर सोमना-खैर-टैंटीगॉव मार्ग से जाएंगे।

# घटिया सड़क निर्माण को लेकर लोगों में आक्रोश

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**नौहझील।** एक तरफ देखा जाए तो सड़कें सिर्फ यातायात के साधन नहीं है बल्कि समाज और अर्थव्यवस्था के विकास में भी अहम भूमिका निभाती हैं. सड़क को बनाने में सरकार के करोड़ों रुपए खर्च होते हैं तो दूसरी तरफ विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदारों के द्वारा घटिया सामग्री इस्तेमाल किए जाने कारण सड़क बनने के कुछ दिन बाद ही टूटने लगती है।



घटिया सड़क निर्माण कार्य को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क को बने अभी कुछ ही दिन या महीने हुए हैं। और अभी से ही सड़क उखड़ने लगी है। जानकारी के अनुसार बता दें कि नौहझील क्षेत्र के गांव मानागढ़ी से गांव चांदपुर मिटठौली तक नवंबर 224 के महीने में ही सड़क निर्माण कार्य हुआ था। जहां घटिया सड़क निर्माण कार्य के चलते सड़क उखड़ने लगी है। घटिया सड़क निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीण एवं स्थानीय लोगों ने आक्रोश जताया है।

एक ओर सरकार एवं अधिकारी बार बार निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश देते हैं लेकिन विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के कारण ठेकेदार अपनी हठधर्मिता से बाज नही आ रहे है।

ऐसा ही मामला मानागढ़ी से चांदपुर मिटठौली जाने वाली सड़क का सार्वजनिक निमार्ण विभाग की ओर से करोड़ों रुपए से सड़क का निर्माण किया गया था जिसमें ठेकेदार की ओर से घटिया सामग्री का उपयोग किया गया जिसे लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य ऐसे में करोड़ों रुपए से निर्मित सड़क बनने के कुछ ही दिन बाद टूटने लगी है।

देवेन्द्र सिंह (छोटू) भाजपा नेता, डॉ बिजेंद्र सिंह, तेजवीर हवलदार,सूबेदार राजेंद्र सिंह, श्याम सुन्दर शर्मा, बनी सिहं, नीरज कुमार खाजपुर, सौनी प्रधान चांदपुर धर्मवीर सिंह चांदपुर खुर्द,रवेन्द्र सिहं पूर्व प्रधान जी चांदपुर खुर्द, सर्वेश चौधरी,संतोष सिंह मिटठौली, रजनेश चौधरी चांदपुर, जयचंद प्रधान, प्रमोद मास्टर चांदपुर, कैप्टन छीतरिया, घूरे नेता मानागढ़ी आदि स्थानीय लोगों ने घटिया सड़क निर्माण कार्य में घटिया सामग्री इस्तेमाल करने एवं धांधली करने कर आरोप लगाते हुए घटिया सड़क निर्माण कार्य की जांच की मांग की है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने विकास भवन सभागार कक्ष में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, डीसी मनरेगा, डीसी एनआरएलएम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त बीडीओ, समस्त एडीओ, समस्त सचिव, समस्त ग्राम विकास अधिकारियों की उपस्थिति में फैमिली आईडी, फार्मर रजिस्ट्री, 15 वें वित्त आयोग एवं 5वां वित्त आयोग, आंगनबाड़ी केंद्रो के निर्माण की प्रगति, स्कूल में फर्नीचर की उपलब्धता, गांव में पार्क, खेल का मैदान, लाइब्रेरी के निर्माण की प्रगति, जीरो पॉवर्टी, मनरेगा मॉडल गांव, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, सर्वप्रथम फैमिली आईडी की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पाया कि इसमें प्रगति अत्यंत खराब है, इसमें जिले की प्रगति केवल 17 प्रतिशत है।



उन्होंने कहा कि यह योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, उन्होंने सभी सम्बंधितों को आदेश दिया कि हफ्ते भर के अंदर शत-प्रतिशत फैमिली आईडी बनवाऐं, अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

इसी तरह फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पाया कि इसमें भी जनपद की स्थिति बहुत खराब है, उन्होंने कहा कि किसानों की रजिस्ट्री होगी तभी उनको किसान सम्मान निधि की प्राप्ति हो सकेगी, उन्होंने उपनिदेशक कृषि और जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि इसमें प्रगति लाऐं और प्रगति की रिपोर्ट एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराएं।

इसी तरह 15 वें वित्त आयोग और 5वां वित्त आयोग में धनराशि अत्यंत कम खर्च होने के कारण जिलाधिकारी अत्यंत नाराज दिखें, उन्होंने कहा कि 15 में वित्त आयोग और 5 वें राज्य वित्त आयोग से धनराशि कम खर्च होने के कारण जिले की रैंकिंग सीएम डैशबोर्ड पर प्रभावित हो रही है, उन्होंने हर सचिव से व्यक्तिगत इसकी समीक्षा की और उनसे जानकारी ली, उन्होंने जिला विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया।

## एडीएम ने किया ग्रामोद्योग का निरीक्षण

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा 30 दिसंबर तक मण्डल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन नुमाइश मैदान स्थित शिल्पग्राम में किया जा रहा है। प्रदर्शनी में सम्पूर्ण भारत से ग्रामोद्योग इकाईयों द्वारा भाग लिया गया है।

जिसमें कश्मीर के अनन्तनाग की शॉल, साडी, गरम सूट, राजस्थान के टोंक की जूती, बीकानेर की नमकीन, पश्चिम बंगाल के हुगली के सूट के अतिरिक्त सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के खादी संस्थाओं के गरम कपडों के साथ-साथ मथुरा की साडी, धूपबत्ती, अगरबत्ती एवं ठाकुर जी की पोशाक मुख्य आकर्षण का बिन्दु बन रही है। मेरठ की चटाई, सहारनपुर का फर्नीचर, बिजनौर का गुड़, सिरका और देशी शक्कर हाथरस की मशहूर हींग की ब्रिकी जोरों से हो रही है।

# सामाजिक संगठनों ने निकाली बाइक रैली

**अमर भासकर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** इस्तीफा और माफीनामा को लेकर जगह-जगह पूरे देश में लोग अपना विरोध दर्ज कर रहे हैं तानाशाही सरकार के रवैया के खिलाफ आज फिरोजाबाद में बहुजन समाज पार्टी वर्तमान सामाजिक संगठनों ने बाइक रैली पैदल यात्रा कर कलेक्ट पहुंचकर अपना विरोध प्रदर्शन किया साथ ही ज्ञापन भी सौंपा।



फिरोजाबाद गृहमंत्री अमित शाह के बयान को लेकर जिस तरह से पूरा देश निंदा कर रहा है तो वही वर्तमान सामाजिक व राजनीतिक संगठन भी इसकी घोर निंदा कर रहे हैं इसी कड़ी में आज बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भरी लव लश्कर के साथ विरोध दर्ज करने के लिए कलेक्ट पहुंचकर विशाल धरना प्रदर्शन कर देश के राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सोपा जिसमें पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि भारत के गृहमंत्री अमित शाह के विवादित बयान को लेकर आज हम सभी लोग आहत हुए हैं बहन मायावती के निर्देशन में हम लोग विरोध कर ज्ञापन देने आए हैं।

उन्होंने बताया कि यह तानाशाही सरकार के गृहमंत्री अमित शाह ने जिस तरह से हमारे श्रद्धा पूजनीय बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर जो विवादित बयान दिया उसे हम करोड़ लोगों के दिलों में ठेस पहुंची है इस ज्ञापन के माध्यम से हम यह मांग करते हैं कि उनको माफी मांगकर बर्खास्त किया जाए क्योंकि हम उस भगवान को मानते हैं जिसने हमें जीना सिखाया आप 5 वर्ष के लिए चुने जाते हैं उसके बाद आप कहां होंगे यह देश आपको बताया। ज्ञापन देने वालों में बबलू सिंह गोल्डी हेमंत प्रताप सिंह ज्ञान सिंह अनिल भाटिया नरेश जाटव बृजेश जाटव वर्तमान सैकड़ों में बसपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में हुआ गणित-विज्ञान मेले का आयोजन



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**मथुरा।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में सोमवार को गणित, विज्ञान मेले का आयोजन किया गया।

जिसमें विभिन्न छात्राओं द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट मॉडल, चार्ट आदि का प्रदर्शन किया गया। जिला विद्यायल निरीक्षक ने मेले में लगे मॉडल का निरीक्षण किया। मेले में जिला विद्यायल निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने कहा कि छात्राएं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से आगे बढ़ें। जो मॉडल तैयार किए हैं उनके बारे में बारीकी से समझें और उस क्षेत्र में आगे बढ़कर नाम रोशन करें। विकास खंड अधिकारी नेहा रावत ने कहा कि इस तरह के मेले छात्रों में गणित और विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न करते हैं। प्रधानाचार्या श्री मती सुषमा अग्रवाल भविष्य में और अच्छे प्रोजेक्ट और मॉडलों को बनाने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर विज्ञान मेले की आयोजक पूनम दुबे, गणित मेले की संयोजक खुशबू पांडे ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया और छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## अराजक तत्वों ने तोड़ी शिला पट्टिका



**नौहझील।** कस्बा नौहझील में मांट रोड़ पर लगी विधायक की शिला पट्टिका को अराजक तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया,जिसकी तहरीर ग्राम प्रधान द्वारा पुलिस को दी गई। नौहझील ग्राम प्रधान प्रशांत गुप्ता ने बताया कि कस्बा के मांट रोड़ स्थित हौद पोखर पर विधायक निधि से कनुआ बाबा पार्क जाने के लिए इंटर लॉकिंग खड़जा लगवा गया था।जिसकी शिला पट्टिका को 21 दिसंबर को अराजक तत्वों ने तोड़ दिया।घटना के संबंध में सोमवार को तहरीर इलाका पुलिस को दी है। थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच पड़ताल कर अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

# विश्व पटल पर रामानुजम का योगदान अद्वितीय: अनिल

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल में महान भारतीय गणितज्ञ रामानुजम की जयंती के उपलक्ष्य में गणित आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कक्षा 1 से 12 तक के लगभग 300 छात्र- छात्राओं ने गणित आधारित माडल का प्रदर्शन किया गया।



आयोजन के दौरान गणित आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी रहे लगभग 75 बच्चों को तथा कक्षा 10 एवं 12 में गणित विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं को अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कोल विधायक अनिल पाराशर, प्रोफेसर एस के वार्ष्णेय, प्रोफेसर एस सी तिवारी, प्रोफेसर निहाल सिंह यादव, प्रधानाचार्य श्याम कुंतैल आदि अतिथियों ने सरस्वती प्रतिमा, रामानुजन और चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया।

विधायक अनिल पाराशर ने कहा कि रामानुजन ने विश्व पटल पर भारतीय ज्ञान पताका को फहराने का कार्य किया। आज भी भारत के युवा अपने ज्ञान से विश्व में अपना प्रभुत्व बनाए हुए हैं। अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय के गणित विभाग के प्रोफेसर कलीमुद्दीन अहमद ने कहा कि गणित अभ्यास का विषय है। जो जितना अभ्यास करेगा वह उतना ही पारंगत होगा और कठिनाइयों से मुक्त होगा।

राजकीय महाविद्यालय खैर के प्राचार्य एस के वार्ष्णेय ने कहा कि ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल द्वारा गणित विषय को आधार बनाकर लगाई गई प्रदर्शनी अत्यंत आकर्षक और अनुकरणीय है। अन्य विद्यालयों को भी इस तरह के आयोजन के लिए प्रयास करना चाहिए।

वार्ष्णेय महाविद्यालय अलीगढ़ के गणित विभाग के पूर्व प्रोफेसर एस सी तिवारी ने कहा कि रामानुजम का नंबर सिद्धांत नई व्याख्या प्रस्तुत करता है। राजकीय महाविद्यालय अतरौली के गणित विभाग के पूर्व प्रोफेसर निहाल सिंह यादव ने कहा कि विद्यालय का अनुशासन इस तरह के आयोजन को सफल बनाता है। उन्होंने सभी विजयी प्रतियोगियों को बधाई दी। प्रधानाचार्य श्याम कुंतैल ने कहा कि विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धी भावना को जाग्रत करने के लिए इस तरह की प्रतियोगिताएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। गणित विषय कठिन विषय तो है परंतु अभ्यास से इसे मनोरंजक बनाकर सरल बनाया जा सकता है।

# शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में भारत सरकार की केंद्रीय लोक शिकायत प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) तथा स्टेट पोर्टल समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पर प्राप्त लोक शिकायतों के निराकरण किए जाने तथा प्रगति रिपोर्ट को पोर्टल पर प्रतिदिन अपलोड किए जाने के संबंध में आयोजित कार्यशाला में अधिकारियों से समय सीमा के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण करने के लिए कहा।



जिलाधिकारी ने बताया कि भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में शासन के निर्देशों के क्रम में सुशासन सप्ताह 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक मनाया जा रहा है। उन्होंने सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में अधिकारियों का संवेदीकरण करते हुए कहा कि आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण माननीय मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकताओं में है इसलिए सभी अधिकारी प्राप्त जन शिकायतों का प्राथमिकता पर गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता शासन स्तर से शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता कर जानी जाती है तथा जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम से भी शिकायतों के निस्तारण के संबंध में फीडबैक लिया जाता है। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वह अपने विभाग से संबंधित जन शिकायतों को पोर्टल पर स्वयं देखें तथा प्रगति रिपोर्ट को पोर्टल पर प्रतिदिन अपलोड करें।

जिलाधिकारी ने भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर निस्तारण करने के लिए कहा तथा निस्तारण के समय की फोटो लेने तथा निस्तारण के समय दोनों पक्षों के सहमति पत्र पर हस्ताक्षर भी कराने के लिए कहा।

## युवा पूरी लगाएं शक्ति और पूरा करें प्रयत्न तभी होगा जीवन सफल: संजीव

**बदायूं।** ओम नम: शिवाय डा. वी.पी.सिंह सोलंकी इंटर कालेज रोहान में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन प्राकृतिक आपदाओं में तंबुओं का निर्माण, गैजेट्स, गांठें बंधन की ट्रेनिंग दी गई। प्रधानाचार्य राजवीर सिंह सोलंकी ने कहा कि स्काउटिंग हमें अभाव एवं कम संसाधनों में जीवनयापन करने की कला सिखाती है। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि जीवन को सफल और सार्थक बनाना है तो युवा अपनी पूरी शक्ति लगाएं और पूरा प्रयत्न करें। उन्होंने बच्चों को आपदा में अपनी रक्षा करने।

# अंग्रेजी भाषा शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संचालित

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बदायूं में संचालित अंग्रेजी भाषा के तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण में इंग्लिश लैंगुएज स्पीकिंग डेवलपमेंट के टिप्स बताए गए।



परिषदीय जूनियर हाईस्कूल के अंग्रेजी पढ़ने वाले शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ डायट प्राचार्य गिरजेश कुमार चौधरी एवं वरिष्ठ प्रवक्ता राकेश कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। प्राचार्य गिरजेश कुमार चौधरी ने औरतीभागी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि भाषा शिक्षण में अंग्रेजी द्वितीय भाषा के रूप में अनिवार्य और महत्वपूर्ण है।

डायट प्रवक्ता डॉ अमित शर्मा, नोडल प्रवक्ता अजीमा खानम ने भी सदन को संबोधित किया। अंग्रेजी प्रशिक्षण संदर्भदाता राजन यादव, अंजुम खान, फरहा खान, प्रभात कुमार, मीनाक्षी, अंबिका सिंह, सर्वेश कुमार, सरिता मल्होत्रा ने अपने अपने सदन में प्रतिभागी शिक्षकों को इंग्लिश लैंगुएज स्पीकिंग डेवलपमेंट की बारीकियां बताते हुए अंग्रेजी भाषा की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। डायट में चार सदनों में सहसवान, इस्लामनगर, आसफपुर, उसावां, म्याऊं, समरेर, बिसौली, दहगवां सहित आठ ब्लॉक के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

# सार-संक्षेप

## गृहमंत्री द्वारा की गई अशोभनीय टिप्पणी की भी हम निंदा करते हैं: ओमकार



**बदायूं।** पूर्व में तय कार्यक्रम अनुसार प्रांतीय आवाह्न पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह के नेतृत्व में ग्राम बुर्रा फरीदपुर में मुख्य मार्गो पर बाबा साहब अम्बेडकर सम्मान मार्च निकाला गया कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि भाजपा नेता आए दिन संविधान निर्माता भीम राव आंबेडकर का अपमान करते हैं। जिसके विरोध में आज बुर्रा फरीदपुर में में बाबा साहब आंबेडकर सम्मान मार्च निकाला गया कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर संविधान निर्माता हैं और उन्होंने सदैव दबे कुचले वर्ग और पिछड़ी जाति के उत्थान और उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा आए दिन संविधान खत्म करने की बातें सामने आती रही है। भाजपा के बहुत से मंत्री अपने भाषणों में कह चुके हैं कि वह इस संविधान को नहीं मानते और बाबा साहब के बारे में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद भवन में की गई अशोभनीय टिप्पणी की भी हम निंदा करते हैं। इस तरह की बातें भाजपा की संकीर्ण मानसिकता को दर्शाती है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष वीरेश तोमर, पीसीसी सदस्य राम रतन पटेल ने भी विचार व्यक्त किये मुख्य रूप से सम्मान मार्च में वीरपाल यादव, सोमवीर, राकेश, वीरेंद्र, मुकेश, सुभाष, इख्लाश हुसैन आदि ग्रामवासी एवं कांग्रेसजन मौजूद रहे।।

## महिला सदस्य का ग्रामीण पेयजल आपूर्ति का प्रशिक्षण संपन्न



**कादरचौक।** विकास खण्ड सभागार में उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश के अनुपालन में पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित ग्रामीण पेयजल आपूर्ति कार्यक्रम में दूसरे चरण में 27 ग्राम पंचायतों के प्रधान/पंचायत सहायक सक्रिय महिला सदस्य को जल संरक्षण, हर घर नल से जल, स्वच्छ जल की उपयोगिता और ग्राम पंचायतों में पानी की टंकी के हैंडओवर टेकओवर प्रक्रिया की जानकारी साहित्य व प्रोजेक्टर के माध्यम से दी गई स सलमान जमीर मास्टर ट्रेनर ने बताया कि पृथ्वी पर मात्र लगभग 2.5 प्रतिशत पानी ही पीने योग्य है और 97.5 प्रतिशत पानी समुद्र, पीने योग्य पानी को संरक्षित रखें, दुरुपयोग न करें। क्लोरीन युक्त टंकी का पानी प्रयोग में लाएं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कंसल्टिंग इंजीनियर निष्ठा राठौर, एडीओ (पंचायत )शिव कुमार, विशाल चौहान, विकास राघव, अभिषेक सिंह सहित ग्राम प्रधान दिनेश कुमार, ज्ञानचंद्र, चरन सिंह आदि के द्वारा इंटरेक्शन किया गया तथा प्रश्नों के उत्तर दिए गए।

## अटल जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं सम्पन्न

**बदायूं।** आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में सांस्कृतिक परिषद कृष्णा कल्चरल क्लब के तत्वावधान में अटल बिहारी वाजपेयी जन्मशताब्दी समारोह के अंतर्गत सम्पन्न हुई महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं के मध्य जिला स्तरीय भाषण एवं एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ नरेंद्र कुमार बत्रा तथा संचालन डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने किया। अटल जी एवं सुशासन विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गीतांजलि सिंह को प्राप्त हुआ। दूसरे स्थान पर अनूप सिंह रहे एवं तीसरे स्थान पर शगुन शर्मा रही। अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन एवं उनकी कविताओं पर आधारित एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता में भी पहला स्थान गीतांजलि सिंह ने प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर अनूप सिंह यादव रहे तथा तीसरा स्थान नव्या सिंह को मिला। प्रतियोगिता में महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय बिल्सी, राजकीय महिला महाविद्यालय, जेएस कॉलेज, एचपी इंस्टीट्यूट आदि विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी विजेता प्रतिभागीयों को अटल जयंती सुशासन दिवस के मुख्य समारोह में जिलाधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। निर्णायक की भूमिका जिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान के प्रवक्ता डॉक्टर अमित शर्मा, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रवक्ता सुमिता गोला।

# जल जीवन मिशन के प्रति करें जागरूक: डीएम

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव में कलेक्ट्रेट स्थित सभा कक्ष में जल जीवन मिशन के अंतर्गत शासन स्तर से आईईसी गतिविधियों के लिए चयनित 13 एजेंसियों में से उपस्थित कुछ एजेंसियों के प्रतिनिधियों के प्रस्तुतीकरण को देखा। उन्होंने एजेंसी प्रतिनिधियों से पूर्व में उनके द्वारा किए गए कार्यों की फोटो व वीडियो भेजने के लिए कहा ताकि अवलोकन उपरांत जनपद के लिए एजेंसी का चयन कर कार्य आवंटन किया जा सके।




जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बताया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम अंतर्गत आईईसी गतिविधियों के लिए शासन स्तर से 13 एजेंसियों को चयनित किया गया है, जिनमें से चयनित एजेंसी अपने प्रतिनिधियों व कार्मिकों के माध्यम से आमजन को जल जीवन मिशन, जल संरक्षण, जल दोहन को रोकने, प्रभावी प्रबंधन आदि विभिन्न बिंदुओं पर जागरूक करती है। जिलाधिकारी ने बताया कि आईईसी अभियान का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण समुदाय को सक्षम और सशक्त बनाना है, ताकि वे इसमें शामिल हो सकें, उनमें स्वामित्व की भावना पैदा हो और गांवों में जल और स्वच्छता प्रणालियों के प्रभावी प्रबंधन की जिम्मेदारी उठाने में अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकें।

# बाबा इन्टरनेशल स्कूल बिल्सी में हर्षोउल्लास से मनाया गया क्रिसमस



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बिल्सी।** बाबा इन्टरनेशनल स्कूल में ईसाई धर्म के प्रवर्तक तथा पूरे विश्व को प्रेम दया एवं क्षमा का मंत्र देने वाले ईसा मसीह के अवतरण दिवस क्रिसमस और पर्यावरण एवं प्रकृति सरंक्षण के प्रतीक तुलसी पूजन पर्व को भी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने क्रिसमस ट्री और स्नोमैन को रंग बिरंगी झालरों से सजाया तथा सभी बच्चों ने घंटी को सजाया व बनाया। रंग बिरंगे कपड़ों में सजे बच्चों ने क्रिसमस के मौके पर सेंटा क्लाज बनकर एक दूसरे को उपहार भेंट किये।

डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय एवं डायरेक्टर मैम साधना वार्ष्णेय ने अपने संबोधन में सभी को क्रिसमस एवं तुलसी पूजन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों को ईशा मसीह के जीवनवृत्त एवं तुलसी पूजन के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बच्चों को प्रभु यीशु के जीवन सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। साथ ही तुलसी पूजन के माध्यम से प्रकृति एवं पर्यावरण सरंक्षण के प्रति सभी विद्यार्थियों को जागरूक रहने का सन्देश दिया।

प्रधानाचार्या रूपा माहेश्वरी ने सभी बच्चों को क्रिसमस एवं तुलसी पूजन पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर के दिन मदर मरियम ने प्रभु यीशु को जन्म दिया था। क्रिसमस के त्योहार को बड़ा दिन के रूप में भी मनाया जाता है। साथ ही उन्होंने सभी को जाति धर्म से ऊपर उठकर देश प्रेम और सभी धर्मों को एक समान आदर और मान सम्मान देने का संदेश दिया। साथ ही तुलसी पूजन के महत्व को बताते हुए कहा कि तुलसी केवल एक पौधा ही नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान तथा औषधीय गुणों से संपन्न और इस धरा के लिए वरदान स्वरुप है। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासक अमित माहेश्वरी तथा सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# ब्लूमिंगडेल स्कूल परिसर में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस-डे

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** ब्लूमिंगडेल स्कूल परिसर में 'क्रिसमस डे' अत्यंत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। सर्वप्रथम स्कूल में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, तत्पश्चात विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम का छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुतिकरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यातिथि के कर कमलों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। दीप प्रज्वलन के पश्चात बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें बच्चों ने नृत्य, गायन, काव्यपाठ, एकांकी, विचार-अभिव्यक्ति आदि प्रस्तुत किए। इतना ही नहीं इस अवसर पर छोटे बच्चों के लिए 'फैन्सी ड्रेस' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने सेण्टा क्लाज, प्रभु यीशु, मरियम आदि के रूप धारण कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम इतना मनमोहक रहा कि कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। बच्चों ने अपने सुमधुर गायन एवं अपनी भाव-भांगमाओं से सभी के हृदय को रोमांचित कर भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर स्कूल अध्यक्षा पम्मी मेंहदीरत्ता ने सभी को 'क्रिसमस डे' की शुभकामनाएं देते हुए उनके बताए मार्ग का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त इस सुअवसर पर अन्तर्सदनीय समूह एवं एकल गायन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी सदन के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए देशभक्ति गीत, ईश प्रार्थनाएं आदि का सम्मोहक प्रस्तुतिकरण किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य संजीव सिंह राठौर ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए उन्हें प्रभु यीशु के जीवन वृतान्त के विषय में बताते हुए सभी को क्रिसमस डे की हार्दिक बधाई दी एवं पथ प्रदर्शक प्रभु यीशु के द्वारा बताए मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किया ताकि अपने जीवन को सफल बनाया जा सके। इस सुअवसर अविस्मरणीय अवसर पर स्कूल निदेशक ज्योति मेंहदीरत्ता, मैनेजिंग हेड ईशान मेंहदीरत्ता, श्वेता मेंहदीरत्ता, एकेडमिक हेड सौरभ गांगुली कॉर्डिनेटर अंजला सोनी, मृणाल सक्सेना, सुषमा वर्मा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उपस्थित रहकर उनके मनोबल व उत्साह को बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन सैफ उद्दीन व ईशा शर्मा ने किया एवं समस्त कार्यक्रम की तैयारी पुष्पेन्द्र कुमार, प्रिन्सी अनेजा व गुंजन सक्सेना के दिशा निर्देशन में की गयी।




# डीजे व डीएम ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**बदायूं।** जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार तृतीय, जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवकुमारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने मंगलवार को जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया। जिला कारागार में पाकशाला एवं समस्त बैरिकों का निरीक्षण किया तथा निरन्तर स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। विधिक सहायता के बारे में पूछताछ की गयी। महिला कैदियों के साथ रह रहे उनके छोटे बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था कराने के लिए निर्देशित किया गया।



निरीक्षण के दौरान ऐसे निरूद्ध बन्दी जो दंण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 436क से आच्छादित हैं तथा अपनी आधी सजा से अधिक समय व्यतीत कर चुके हैं उससे सम्बन्धित बंदियों की सूची व इनकी रिहाई के सन्दर्भ में किये गये कार्यवाही उपलब्ध कराये जाने हेतु अधीक्षक जिला कारागार को निर्देशित किया गया। जिला कारागार बदायूं में पाकशाला एवं समस्त बैरिकों का निरीक्षण किया तथा निरन्तर स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया।

जिला कारागार में निरूद्ध बन्दियों की समस्याओं को सुना गया, उनके विधिक सहायता के बारे में पूछताछ की गयी तथा उनको विधिक सहायता हेतु जागरूक भी किया गया। इसी क्रम में नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, जमानदार उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बन्दियों को दवा उपलब्ध कराने, एवं महिला कैदियों से एक-एक कर पूछताछ की गयी इसी क्रम में महिला कैदियों के साथ रह रहे उनके छोटे बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था कराने के लिए निर्देशित किया गया साथ ही जिला कारागार में स्थित चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया गया चिकित्सालय में भर्ती बन्दियों से पूछताछ की गयी।

# महिलाएं अपने ऊपर हो रहे अत्याचार को बर्दाशत न करें: संगीता

## जनसुनवाई कर महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण कराया

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** सदस्य राज्य महिला आयोग संगीता जैन द्वारा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा महिलाओं की सुगमता के दृष्टिगत जनपद बदायूँ में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा हेतु महिला जनसुनवाई का आयोजन पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में किया गया। जिसमें भूमि विवाद, अतिरिक्त विवाह, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित सहित कुल ०7 शिकायती प्रार्थना पत्र जनसुवाई के अन्तर्गत प्राप्त हुये। जिसमें सदस्या द्वारा उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारण व समस्याओं के समाधान किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिये गये।

सदस्य राज्य महिला आयोग संगीता जैन ने कहा कि महिलाएं अपने ऊपर हो रहे किसी भी प्रकार के अत्याचार को बर्दाशत न करें। महिला आयोग महिलाओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रत्येक समय उनके साथ खड़ा है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं से संबंधित शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक लेते हुए गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं।

जन सुनवाई के उपरान्त सदस्य द्वारा प्राथमिक विद्यालय देहमी, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मोंगर ब्लॉक सलारपुर बदायूँ का निरीक्षण करते हुए बालक व बालिकाओ से बातचीत करके विद्यालय का निरीक्षण किया गया



जिसमें साफ-सफाई सही पायी गयी तथा बच्चों से मिड डे मील के भोजन के बारे के पूछा गया। जहाँ पर समस्त व्यवस्था सामान्य पायी गयी तदोपरान्त सदस्य द्वारा जिला कारगार बदायूँ में महिला बैरक में महिला बंदियों से वार्ता कर उनका हाल-चाल लिया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी न्यायिक नोडल अधिकारी कल्पना जायसवाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार, जिला परियोजना अधिकारी विशेष शर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, वन स्टाप सेन्टर, जिला प्रोबेशन कार्यालय का समस्त स्टाप उपस्थित रहे।

## कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई जिला उद्योग बंधु की बैठक

**बदायूं।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेई सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने बैंक अधिकारियों को आवेदकों को सहजता से ऋण उपलब्ध कराने के लिए कहा। इस अवसर पर व्यापार बंधु की बैठक भी आयोजित की गई। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने कहा कि उद्यमियों व व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाना चाहिए। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों का प्राथमिकता पर निस्तारण करने के लिए भी कहा। उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि स्वरोजगार परक योजनाओं की समीक्षा अंतर्गत मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना वित्तीय वर्ष 2०24-25 में बैंकों के स्तर पर 196 आवेदन पत्र लंबित हैं। एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना में बैंकों में 18 आवेदन पत्र लंबित हैं। उन्होंने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर 61 आवेदन समय अंतर्गत लंबित है तथा ०3 आवेदन समय उपरांत लंबित हैं। उन्होंने बताया कि इन्वेस्ट यू०पी० निवेश सारथी पोर्टल पर लंबित चार प्रकरणो पर भी चर्चा की गई व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, उद्यमी व व्यापारी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# जीएसटी की जटिलता..




वस्तु एवं सेवा कर परिषद की गत सप्ताह आयोजित 55वीं बैठक में कुछ निर्णय लिए गए और कुछ निर्णयों को बाद के लिए टाल दिया गया। कुछ निर्णय और स्पष्टीकरण एक बार फिर अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था की जटिलता को रेखांकित करते हैं। छोटे कर्जदारों को राहत देते हुए परिषद ने यह स्पष्ट किया है कि ऋण शर्तों का पालन नहीं करने पर ऋणदाताओं द्वारा जो जुर्माना लगाया जाएगा उस पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। इसके अलावा परिषद ने यह अनुशंसा की है कि खास किस्म के फोर्टिफाइडचावल पर जीएसटी कम किया जाए और जीन थेरेपी को कर मुक्त किया जाए। इस्तेमाल शुदा यानी पुराने वाहनों की बिक्री पर कर दर को 18 फीसदी कर दिया गया। इनमें इलेक्ट्रिक वाहन भी शामिल हैं। बहरहाल बीमा पर जीएसटी से संबंधित बहुप्रतीक्षित निर्णय बाद के लिए टाल दिया गया। जो लोग साल में इस समय अपने बीमा प्रीमियम जमा करते हैं उन्हें राहत की उम्मीद थी। दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए बने मंत्री समूह ने भी और समय मांगा है। एक अन्य मंत्री समूह जो क्षतिपूर्ति उपकर की समीक्षा कर रहा है उसकी भी कार्य अवधि बढ़ा दी गई है। यह भी याद करने लायक है कि क्षतिपूर्ति उपकर का संग्रह उस कर्ज को चुकाने के लिए किया जा रहा है जो महामारी के दौरान राज्यों की भरपाई के लिए लिया गया था। ऐसे में यह महत्त्वपूर्ण है कि दोनों मंत्री समूह अपनी अनुशंसाएं यथाशीघ्र दे दें। कर व्यवस्था की स्थिरता के लिए यह आवश्यक है कि जीएसटी परिषद दोनों मंत्री समूहों की अनुशंसाओं पर एक साथ विचार करे ताकि कर ढांचे को सरल बनाया जा सके और कर दरों को राजस्व-तटस्थ स्तर पर ले जाया जा सके। यह आसान नहीं होगा और इसके लिए जीएसटी परिषद को कई बैठकें करनी पड़ सकती हैं। परिषद के लिए यह बेहतर होगा कि हम विशेषज्ञों को साथ लें और सभी संभावित कमियों को दूर करें। शनिवार को जारी किया गया एक स्पष्टीकरण यह जाहिर करता है कि कर व्यवस्था कितनी जटिल है और क्यों तत्काल बदलावों की आवश्यकता है। यह स्पष्ट किया गया है कि नमक और मसालों से मिश्रित खाने के लिए तैयार पॉपकॉर्न पर पांच फीसदी जीएसटी लगता है। परंतु अगर इसे पहले से पैकेट बंद करके लेबल लगा दिया जाए तो इस पर 12 फीसदी कर लगता है। अगर इसमें शक्कर मिला दिया जाए तो यह शुगर कन्फेक्शनरी बन जाता है और इस पर 18 फीसदी कर लगता है। उदाहरण के लिए कैरामेल पॉपकॉर्न। गत सप्ताह पॉपकॉर्न पर कोई नया कर नहीं लगाया गया लेकिन इस स्पष्टीकरण के बाद सोशल मीडिया पर उचित ही बहस हुई। यह जीएसटी के डिजाइन की जटिलता का उदाहरण है। परिषद को इन्हीं दिक्कतों को दूर करना है। भारत में न केवल बहुत सारी जीएसटी दरें हैं बल्कि एक ही वस्तु पर पैकेजिंग और आकार के मुताबिक अलग-अलग कर दर लगती है। यह समझना मुश्किल है कि खाद्य वस्तुओं के लिए एक कर दर क्यों नहीं हो सकती। सरकार को हर स्तर पर उपभोक्ताओं के चयन को प्रभावित करने की जरूरत नहीं है। अन्य दिक्कतों की बात करें तो राज्यों ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल को जीएसटी में लाने के विचार को खारिज कर दिया है। इस विषय पर दोबारा विचार करना चाहिए। सभी पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाने से कर व्यवस्था बेहतर होगी और यह अधिक किफायती होगा। एक अन्य प्रस्ताव था कि प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में शीर्ष जीएसटी दर पर उपकर लगाया जाए। ऐसा करने से कर व्यवस्था और जटिल होगी। चाहे जो भी हो केंद्र और राज्य दोनों सरकारों को सामान्य दिनों में ही राजकोषीय स्थिति को बेहतर बनाना होगा ताकि ऐसे संभावित झटकों से निपटा जा सके। हर चुनौती के लिए उपकर लगाना सही हल नहीं है।


**अमर भास्कर**

( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्मद राशिद



हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।

**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***



अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-

**अमर भास्कर कार्यालय**

**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं ( उ.प्र. )।**

**पिन कोड-243601**

***Email- amarbhashkar21@gmail.com***

***Whatsapp. No. 9411214614***


# नए रूप में साम्राज्यवादी शक्तियां



संसद के हालिया सत्र का एक बड़ा हिस्सा विवादित अमेरिकी उद्यमी जार्ज सोरोस को लेकर सत्तापक्ष एवं विपक्ष में तल्ख बयानबाजी की भेंट चढ़ गया। सोरोस उस अधिनायकवादी और साम्राज्यवादी विचारधारा के प्रतीक हैं, जो अपने वैश्विक दृष्टिकोण और व्यापारिक-रणनीतिक हितों के लिए वैश्विक भूगोल, इतिहास और संस्कृति को बदलने पर आमादा हैं। याद रहे कि पारंपरिक औपनिवेशवाद के दिन अब लद चुके हैं। अब न तो सैन्यबल से किसी समाज को नष्ट किया जाता है और न ही किसी देश पर कब्जे से। इसके बावजूद साम्राज्यवादी मानसिकता का अंत नहीं हुआ है। उसने केवल अपना चोला बदला है। अब इसके हथियार सांस्कृतिक, सामाजिक, मजहबी और आर्थिकी पर गढ़ा जाने वाला नैरेटिव है। विदेशी ताकतें लक्षित देशों में बिकाऊ लोगों की एक फौज खड़ी करती हैं, जो लोग इशारा मिलते ही उनके बनाए नैरेटिव पर अपने देश को विरूपित करना शुरू कर देते हैं। इससे माहौल बिगड़ना शुरू हो जाता है। अपने कुत्सित इरादों की पूर्ति के लिए सोरोस ने दुनिया भर में दांव लगाए हैं। इसी कड़ी में 94 वर्षीय सोरोस ने कई अमेरिकी मीडिया संस्थाओं में निवेश किया है। उनकी कुल संपत्ति 44 अरब डालर है, जिसका बड़ा हिस्सा उन्होंने 'मानवाधिकार' और 'लोकतंत्र' के नाम पर खर्च किया है। इस उपक्रम का उद्देश्य दुनिया को अपनी कल्पना के अनुरूप ढालना और अपने एजेंडे को आगे बढ़ाना है। यही कारण है कि सोरोस पर दुनिया के कई देशों की राजनीति और समाज को प्रभावित करने का आरोप है। वर्ष 1992 में इंग्लैंड के बैंकों को बर्बाद करके अकूत धन अर्जित करना, 1997 में थाइलैंड की करेंसी को गिराना, 2002 में फ्रांसीसी अदालत द्वारा अनैतिक-अनधिकृत व्यापार का दोषी ठहराना और कई देशों द्वारा सोरोस की संस्थाओं पर जुर्माना-प्रतिबंध लगाना इसके कुछ उदाहरण हैं। सोरोस और उनकी संस्था अपने नापाक एजेंडे की पूर्ति के लिए अक्सर समाजसेवा और परोपकार का मुखौटा लगाए रहते हैं।

भारत सहित तमाम देश विदेशी ताकतों के व्यापक हस्तक्षेप के भुक्तभोगी रहे हैं। इसके प्रभावों की गहन पड़ताल भी हुई है। राजनयिक नरेंद्र सिंह सरीला ने अपनी पुस्तक 'विभाजन की असली कहानी' में लिखा कि अंग्रेजों ने दुनिया के इस हिस्से में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए भारत का विभाजन करके इस्लामी पाकिस्तान को जन्म दिया था। इसके लिए अंग्रेजों ने 'भारतीयों' का ही उपयोग किया। अब सोरोस जैसे लोग भी उसी काम में लगे हैं।

बीते दिनों सीरिया में जो हुआ, वह किसी से छिपा नहीं। उससे पहले बांग्लादेश भी नाटकीय घटनाक्रम का साक्षी बना। यह सब विदेशी शक्तियों के हस्तक्षेप और संघर्ष का परिणाम रहा। ऐसे में सोरोस का भारत के आंतरिक मामले में बार-बार दखल देना और उन्हें मिल रहा प्रत्यक्ष-परोक्ष भारतीय समर्थन हमें इतिहास के काले पन्नों की ओर ले जाता है। क्रूर आक्रांता औरंगजेब की मृत्यु के बाद भारत में मुगल शासन कमजोर पड़ा तो मराठा परचम अटक से कटक तक लहरा रहा था। तब सूफी प्रचारक शाह वलीउल्लाह देहलवी ने अफगान शासक अहमद शाह अब्दाली को भारत पर आक्रमण के लिए लंबी चिट्ठी लिखी, क्योंकि वह 'काफिर' मराठों को पराजित कर भारत में पुनरू इस्लामी राज स्थापित करना चाहता था। जब 1761 में पानीपत की तीसरी लड़ाई हुई, तब वलीउल्लाह द्वारा आमंत्रित अब्दाली को भारत में पश्तून रोहिल्लाओं, बलूचियों, शुजाउद्दौला आदि नवाबों के साथ स्थानीय मुस्लिमों का समर्थन मिला और उन्होंने मिलकर मराठों को पराजित कर दिया। इसने मराठाओं का बल घटा दिया, जो वर्ष 1803 के दिल्ली युद्ध में मराठों की अंग्रेजों के हाथों मिली पराजय का एक बड़ा कारण बना। वलीउल्लाह के विचार ही तालिबान के आधार रहे। यदि 18वीं शताब्दी में 'अपनों' ने अब्दाली को बुलाया नहीं होता या फिर मीर जाफर-जयचंद ने 'अपनों' को धोखा नहीं दिया होता, तो संभवतरू भारत का इतिहास कुछ और होता। दुर्भाग्य से अब भी बहुत कुछ वैसा ही है।

# सक्रिय हो राज्य सुधारों पर कदम बढ़ाने होगें



आधुनिक काल में गवर्नेंस से आशय केवल नियमों एवं नियमनों के प्रबंधन तक सीमित न रहकर व्यक्तियों एवं उद्यमियों के लिए एक अनुकूल परिवेश तैयार करने तक विस्तारित हो गया है। मोदी सरकार इस दिशा में आरंभ से ही गंभीरता के साथ सक्रिय रही है। जन विश्वास अधिनियम, 2023 इसका ही एक उदाहरण है, जिसे प्रस्तावित जन विश्वास विधेयक 2.0 से नए आयाम दिए जाने की तैयारी है। जन विश्वास अधिनियम के माध्यम से पहले ही 40 से अधिक आपराधिक प्रविधानों को हटाकर उनके स्थान पर कुछ आर्थिक हर्जाने और अपेक्षाकृत सुगम अनुपालनों की व्यवस्था की जा चुकी है। जन विश्वास अधिनियम 2.0 इस विजन को और आगे ले जाता है, जिसमें ऐसा ढांचा तैयार किया जा रहा है जिसमें नागरिकों एवं कारोबारियों को विरोधी के बजाय सहयोगी के रूप में देखने की मंशा है। शासन संबंधी ऐसे सुधार लालफीताशाही से मुक्ति दिलाने से परे तमाम मूर्त एवं अमूर्त फायदों का माध्यम भी बनते हैं। सबसे पहला लाभ तो यही कि ये अनुपालन आवश्यकताओं के बोझ को हटाकर उद्यमों को नवाचार एवं वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करने में सहायक बनकर आर्थिक उत्पादकता को बढ़ाते हैं। खासतौर से छोटे उद्यमों एवं स्टार्टअप्स के लिए इन पहलुओं की बहुत उपयोगिता है, क्योंकि अक्सर उन्हें नियामकीय बाधाओं से दो-चार होना पड़ता है। दूसरा, नियमों के सुगम बनने से सरकार द्वारा उद्यमिता को प्रोत्साहन, आर्थिकी का विविधीकरण और रोजगार सृजन को बढ़ावा दिया जाता है। तीसरा, छोटे-मोटे मामले अदालती दायरे से बाहर ही सुलझ जाते हैं, जिससे न्याय की प्रक्रिया पर बोझ घटने से उसकी गति तेज होती है। चौथा लाभ यही कि इससे सरकार और नागरिकों के बीच भरोसे की बुनियाद मजबूत होती है कि सरकार उन्हें दंडित करने से अधिक उनकी साझेदारी को महत्व देती है। इन सुधारों के अमूर्त लाभ भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। जिस गवर्नेंस माडल में अनावश्यक रूप से दंडित करने की भावना नहीं होती, उसमें नागरिकों एवं उद्यमों के भीतर अपने कार्यों की जिम्मेदारी का दायित्वबोध बढ़ता है। इससे विश्वास एवं परस्पर जवाबदेही की संस्कृति विकसित होती है, जो न केवल लोकतंत्र को सशक्त, अपितु एक सामंजस्यपूर्ण समाज का निर्माण करती है। जब नियामकीय मोर्चे पर बोझ घटता है और सहयोग-समन्वय पर जोर होता है तो इसके माध्यम से सरकार उस बुनियाद को ही मजबूत करती है, जिसमें नागरिक और उद्यम नवाचार, वृद्धि और समग्र बेहतरी पर ध्यान देने में सक्षम होते हैं। परिणामस्वरूप राष्ट्रीय प्रगति को तेजी के पंख लगते हैं। जहां केंद्र सरकार नियामकीय बोझ घटाने और विश्वास आधारित गवर्नेंस ढांचे को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न उपाय कर रही है तो राज्य सरकारों को भी ऐसे सुधारों की दिशा में कदम बढ़ाने चाहिए। आखिरकार रोजमर्रा के कई मामलों में नागरिकों और उद्यमों का केंद्र के बजाय स्थानीय निकाय और राज्य सरकारों के साथ कहीं ज्यादा सरोकार जुड़ा होता है। चाहे परमिट लेना हो, विवादों का समाधान हो, या आवश्यक लोक सेवाओं तक पहुंच जैसे काम मुख्यत स्थानीय निकाय और राज्य सरकार के स्तर पर ही संपादित होते हैं। असल में चाहे जीवन की सुगमता हो या कारोबारों के लिए सुगम परिवेश बनाने से जुड़ी पहल तभी सफल हो सकती हैं जब शीर्ष से लेकर जमीनी स्तर पर उन्हें उचित रूप से क्रियान्वित किया जा सके। व्यक्तियों और उद्यमों को जिन सबसे प्रमुख अवरोधों से जूझना पड़ता है उन्हें दूर करने की कुंजी मुख्य रूप से राज्य सरकारों के पास होती है। सार्वजनिक सेवाओं की गुणवत्ता, गवर्नेंस की सक्षमता और जीवन एवं उद्यम को सही दिशा में उन्मुख करने से संबंधित अधिकांश पहलू इन्हीं स्तरों पर प्रभावित होते हैं। इसलिए राज्य और स्थानीय निकायों को अपनी जिम्मेदारियां समझकर सार्थक पहल एवं क्रियान्वयन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। मध्य प्रदेश ने गत सप्ताह एमपी जन विश्वास विधेयक, 2024 पारित कर एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसका आधार केंद्र सरकार का जन विश्वास अधिनियम, 2023 ही है। इस ऐतिहासिक विधायी पहल का उद्देश्य कानूनी प्रक्रियायों को सुगम बनाना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और गुड गवर्नेंस को बढ़ावा देकर सामान्य नागरिकों और उद्यमिकों की राह आसान बनाना है। इस विधेयक के अंतर्गत पांच प्रमुख विभागों की 64 धाराओं में संशोधन किया गया है, जिसमें औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन, ऊर्जा, सहकारिता, श्रम और शहरी विकास जैसे विभागों के विषय शामिल हैं। इसके तहत छोटी-मोटी गलतियों पर जेल के बजाय हर्जाने का प्रविधान और 920 अप्रासंगिक कानूनों को समाप्त कर आधुनिक दौर के अनुकूल उन्हें सुसंगत करना प्रमुख सुधारों में शामिल हैं। निरूसंदेह ये सुधार सक्षम एवं कारोबार अनुकूल परिवेश को बढ़ावा देने में सहायक बनेंगे। अन्य राज्यों को भी मध्य प्रदेश से सीख लेकर इस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। ऐसे सुधार तमाम अवरोधों को दूर कर राज्य की उन आर्थिक संभावनाओं को भुनाने में सहायक बनेंगे, जिन्हें विभिन्न बाधाओं के चलते अभी तक पूरी तरह भुनाया नहीं जा सका। हालांकि यह एकमुश्त रूप से नहीं किया जा सकता।

## खेल-खिलाड़ी

# रोहित ने अश्विन की जगह कोटियान को शामिल करने की वजह बताई




**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गुरुवार से बॉक्सिंग डे टेस्ट की शुरुआत होगी। इस मैच से पहले बीसीसीआई ने ऑफ स्पिनर तनुष कोटियान को संन्यास ले चुके रविचंद्रन अश्विन के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। मंगलवार को कप्तान रोहित शर्मा ने कुलदीप यादव या फिर अक्षर पटेल को न चुनकर तनुष को शामिल करने के पीछे की वजह का खुलासा किया। अश्विन के सीरीज के बीच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भारत की मौजूदा स्क्वॉड में सिर्फ दो स्पिनर रह गए थे। ऐसे में विकल्प की तलाश थी। मेलबर्न और सिडनी में दो स्पिनरों की जरूरत पड़ सकती है। इसलिए कोटियान को तुरंत ऑस्ट्रेलिया बुलाया गया। वह फिलहाल विजय हजारे ट्रॉफी में की तैयारी में व्यस्त हैं। उनके मंगलवार को टीम में शामिल होने की उम्मीद है। तनुष को शामिल करने के एक दिन बाद रोहित ने मीडिया से बात करते हुए अपने अंदाज में मजाक में कहा कि कोटियान को केवल इसलिए चुना गया क्योंकि कुलदीप के पास वीजा नहीं था। हालांकि, उन्होंने मुंबई के इस आलराउंडर की जमकर तारीफ भी की। वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज शुरू होने से पहले ऑस्ट्रेलिया में भारत की ए टीम का भी हिस्सा थे। इस दौरे पर उन्होंने 44 रन बनाने के अलावा एकमात्र मैच में एक विकेट भी हासिल किया था। रोहित ने कहा, श्तनुष एक महीने पहले यहां आए थे और कुलदीप के पास वीजा नहीं है। हमें ऐसे खिलाड़ी की जरूरत थी जो जल्द से जल्द यहां पहुंचे। तनुष तैयार थे और उन्होंने यहां अच्छा खेल दिखाया था। वह पिछले दो वर्षों से घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और हम सिडनी या मेलबर्न में दो स्पिनरों के साथ खेलने के मामले में बैक-अप चाहते थे। रोहित ने कुलदीप या अक्षर को अश्विन के रिप्लेसमेंट के रूप में शामिल नहीं करने की वजह भी बताई। दरअसल, चाइनामैन स्पिनर की हाल ही में हर्निया की सर्जरी हुई थी, जबकि अक्षर हाल ही में पिता बने थे। रोहित कहा, श्कुलदीप शत प्रतिशत फिट नहीं है क्योंकि उन्हें हर्निया की सर्जरी करानी पड़ी है। अक्षर हाल ही में पिता बने हैं इसलिए वह यात्रा पर नहीं जा रहे हैं। इसलिए तनुष हमारे लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प थे। उन्होंने घरेलू टूर्नामेंट में खुद को साबित भी किया है। रोहित ने कहा, श्वह शायद एक कारण हैं कि मुंबई ने रणजी ट्रॉफी जीती है। उन्होंने एक ऑलराउंडर के रूप में शानदार भूमिका निभाई है। इसलिए जरूरत पड़ने पर हमारे लिए यह बहुत अच्छा विकल्प हैं। उनकी मौजूदगी से अब हम सभी क्षेत्रों को कवर कर सकते हैं। 26 वर्षीय तनुष ने 33 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। इसमें उन्होंने 25.70 की औसत से 101 विकेट लिए हैं। उन्होंने 47 पारियों में 41.21 की औसत से दो शतक और 13 अर्धशतक के साथ 1525 रन भी बनाए हैं। कोटियान ने 2018 में महज 20 साल की उम्र में मुंबई के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में डेब्यू किया था। उन्होंने पहली पारी में सौराष्ट्र के खिलाफदो विकेट लिए थे। वह मुंबई की रणजी टीम के मजबूत स्तंभ हैं। मुंबई ने इस साल रणजी ट्रॉफी जीती।

# बैटिंग पोजिशन को लेकर असमंजस की स्थिति पर बोले कप्तान रोहित




**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गुरुवार से मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट की शुरुआत हो रही है। दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की सीरीज फिलहाल तीन टेस्ट के बाद 1-1 से बराबर है। मेलबर्न टेस्ट से पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत की। उन्होंने चौथे टेस्ट मैच से पहले अभ्यास के दौरान उनके घुटने में लगी चोट को लेकर व्यक्त की जा रही आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि वह पूरी तरह से फिट हैं। हालांकि, उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में अपने स्थान को लेकर संदेह बरकरार रखा। रविवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर अभ्यास के दौरान रोहित के बाएं घुटने में चोट लग गई थी और इसको लेकर कई तरह की आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं। रोहित ने अपडेट देते हुए कहा, मेरा घुटना ठीक है।श् रोहित अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्हें अगले मैच में सलामी बल्लेबाज के रूप में वापसी करनी थी, लेकिन केएल राहुल ने पर्थ में 77 रन की प्रभावशाली पारी खेल कर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। इसकी वजह से भारतीय कप्तान को छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरना पड़ा। रोहित ने बुमराह को लेकर भी बयान दिया है। उन्होंने कहा कि वह उनके साथ काफी समय बिता चुके हैं और काफी मैच खेल चुके हैं। ऐसे में वह जानते हैं कि बुमराह किस तरह सोचते हैं और किस तरह अपना दिमाग चलाते हैं ताकि मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकें। रोहित ने कहा कि इस तरह का खिलाड़ी होना टीम के लिए काफी अच्छा है। हालांकि, रोहित के लिए यह बदलाव अच्छा नहीं रहा और उन्होंने अभी तक ऑस्ट्रेलिया में इस सीरीज में अपनी तीन पारियों में केवल 19 रन बनाए हैं। दूसरी तरफ राहुल ने तीसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में 84 रन बनाकर शीर्ष क्रम में अपना दावा मजबूत किया है। भारतीय कप्तान ने कहा कि वह वही करेंगे जो टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ होगा। उन्होंने कहा, कौन कहां बल्लेबाजी करेगा इसको लेकर चिंता न करें। हमें इस पर विचार करने की जरूरत है और यह ऐसी चीज नहीं है जिस पर मैं यहां चर्चा करूं। हम वही करेंगे जो टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ होगा। विराट कोहली की खराब फॉर्म और ऑफस्टंप से बाहर जाती गेंदों को खेलने में परेशानी के बारे में पूछे जाने पर रोहित ने कहा कि यह दिग्गज बल्लेबाज इससे पार पाने का तरीका ढूंढ लेगा। उन्होंने कहा, आप कोहली के ऑफ स्टंप की बात कर रहे हैं। आप वर्तमान समय के दिग्गज बल्लेबाज की बात कर रहे हैं। आधुनिक युग के महान बल्लेबाज अपना रास्ता खुद तैयार करते हैं।श् कोहली ने पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में शतक बनाया था, लेकिन दूसरे टेस्ट में वह सात और 11 रन ही बना पाए, जबकि तीसरे टेस्ट मैच की एकमात्र पारी में तीन रन बनाकर आउट हो गए थे। युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी पहले टेस्ट मैच में 161 रन की मैच विजेता पारी खेलने के बाद रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं, लेकिन रोहित ने कहा कि उन्हें अपना नैसर्गिक खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा, हम जायसवाल की मानसिकता को नहीं बदलना चाहते हैं। वह किसी अन्य की तुलना में अपनी बल्लेबाजी को अच्छी तरह से समझता है। हम उसे स्वच्छंद होकर खेलने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

# राज्य के पहले खेल विवि अध्यादेश को राजभवन की मंजूरी



**उत्तराखंड।** जिले के पहले खेल विश्वविद्यालय की स्थापना का रास्ता साफ हो गया है। राजभवन से खेल विश्वविद्यालय के अध्यादेश को मंजूरी मिल गई। विश्वविद्यालय के संशोधित अध्यादेश के मुताबिक कार्यपरिषद में अब राज्यपाल से नामित सदस्य को शामिल किया जाएगा। वहीं, पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी खेल विश्वविद्यालय के कुलपति बन सकेंगे।

प्रदेश में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए सरकार अगस्त 2024 में हुए विधानसभा के मानसून सत्र में राज्य खेल विश्वविद्यालय विधेयक लाई थी। जिसे मंजूरी के लिए राजभवन भेजा गया था, लेकिन खेल विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद में राज्यपाल की ओर से नामित सदस्य को तब शामिल नहीं किया गया था। वहीं, विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति की अर्हता को भी स्पष्ट नहीं किया गया गया था। यही वजह रही कि राजभवन से विधेयक बिना मंजूरी के लौटा दिया गया। इस पर सरकार अध्यादेश ले आई। मंत्रिपरिषद की पिछले दिनों हुई बैठक में संशोधित अध्यादेश के प्रस्ताव को पास करने के बाद इसे मंजूरी के लिए राजभवन भेजा गया। राजभवन से मंजूर अध्यादेश के मुताबिक खेल क्षेत्र में विख्यात खिलाड़ियों या शिक्षाविद में से कुलाधिपति की ओर से नामित एक सदस्य को विश्वविद्यालय कार्यपरिषद में शामिल किया जाएगा। खेल विश्वविद्यालय के कुलपति के लिए अर्हता स्पष्ट की गई है। इसमें कहा गया है कि कुलपति के पद पर नियुक्त होने वाले व्यक्ति का पूरा शैक्षिक रिकार्ड उत्कृष्ट होने के साथ-साथ विश्वविद्यालय प्रणाली में आचार्य, निदेशक शारीरिक शिक्षा, वरिष्ठतम खेल प्रशासक, वरिष्ठतम खेल प्रबंधक के रूप में कम से कम दस साल का अनुभव या ऐसा ख्याति प्राप्त खिलाड़ी जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अनुभव हो कुलपति के पद के लिए पात्र होंगे।

# बाप-बेटे की हत्या के मामले में पांचों आरोपी गिरफ्तार



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**शिमला।** जिला ऊना के हरोली के भदसाली गांव में बाप-बेटे की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी देशदीप समेत पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी से वारदात में इस्तेमाल राइफल अभी जब्त नहीं की गई है। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में आरोपियों को पकड़ने की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब 12 बजे जमीन विवाद को लेकर अधिवक्ता देशदीप जसवाल ने अपने ही गांव के एक परिवार के पिता और पुत्र को गोली मार दी थी। इससे दोनों की मौके पर मौत हो गई थी। आरोपी ने एक अन्य युवक पर भी गोली दागी, जो बाल-बाल बच गया। वारदात के बाद आरोपी देशदीप और उसके साथ रहे आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने उन्हें पकड़ने के लिए गहन तलाशी अभियान चलाया। चश्मदीदों से महत्वपूर्ण सुराग हासिल करने के बाद पुलिस ने वारदात में देशदीप का साथ देने वाले चार आरोपियों को देर रात ऊना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। उनसे पूछताछ के दौरान गोली चलाने वाले देशदीप के बारे में इनपुट एकत्र किए। इसके आधार पर मंगलवार सुबह देशदीप को भी ऊना क्षेत्र से ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतकों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज भेजे गए हैं। बुधवार को शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। आरोपियों को अदालत में पेश किया जा रहा है। बता दें कि सोमवार को आरोपी ने संजीव कुमार (51) और उनके बेटे रविंद्र कुमार (26) निवासी वार्ड-1 लोअर भदसाली की गोली मारकर हत्या कर दी थी। आरोपियों में देशदीप, रमेश चंद, ओम प्रकाश, हरदीप राणा, अनुज जसवाल शामिल हैं।

# पुलिस अधीक्षक से शिकायत के बाद पीड़िता की हुई रिपोर्ट दर्ज




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**रजपुरा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सात दिन पूर्व हुई महिला के साथ छेड़छाड़ की घटना की थाना पुलिस ने नहीं दर्ज की थी रिपोर्ट। पीड़िता पहुंची पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और तहरीर देकर आरोपी युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए लगाई न्याय की गुहार लगाई थी। सोमवार को थाना रजपुरा क्षेत्र अंतर्गत पीड़ित महिला अपने परिजनो के साथ बहजोई पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और एकं शिकायत पत्र दिया। जिसमें बताया गया है। कि हम किराए के मकान में रहते हैं मेरे पति बाजार में प्रति दिन ठेला लगाते हैं और जिस से अपने परिवार का पालन पोषण करते है।

महिला ने आरोप लगाते हुए बताया हैं की पांच दिन पूर्व 16 दिसंबर की शाम लगभग 9 बजे मे दुकान से सामान लेने जा रही थी। इसी बीच एक दूसरे सामुदाय का लड़का आया और मुझे पीछे से पकड़ लिया और मेरे साथ छेड़छाड़ करने लगा। जब मेरे द्वारा विरोध किया गया तो उसने मारपीट शुरू कर दी जब मैंने शोर मचाया तो आस पास के लोग एकत्र हो गए। जिन्होंने मुझे बचाया। कमरे पर जाकर सारी घटना पति को बताई। उसी समय पति के साथ थाने पहुंची तो सुबह आने को कह दिया 17 दिसंबर को सुबह अपने परिजनों के साथ पहुंचे और तहरीर दी। पुलिस ने उसी दिन आरोपी लड़के को पकड़कर थाने लाई। आरोप है की अगले दिन छोड़ दिया अब पांच दिन बीत गए हैं लेकिन मेरी रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में शिकायती पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई थी। थाना पुलिस ने सात दिन बीत जाने के बाद भी पीड़िता की रिपोर्ट दर्ज क्यों नही की जबकि महिला के पास जनसुनवाई की रसीद भी उपलब्ध है। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त प्रकरण पर संज्ञान लेते हुए पीड़िता को आश्वासन दिया गया था। कि आप निश्चित रहिए आपकी कार्रवाई आवश्यक की जाएगी। एसपी के संज्ञान के बाद थाना रजपुरा पुलिस ने आरोपी युवक समीम पुत्र शहजाद निवासी रजपुरा जनपद सम्भल के खिलाफ मारपीट छेड़छाड़ व में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

# सफेद हुई पहाड़ियां, शीतलहर से कांपे लोग



**उत्तराखंड।** गढ़वाल मंडल के मैदान से लेकर पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बदला। सोमवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहे, जबकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सीजन की दूसरी बर्फबारी हुई। मैदानी क्षेत्रों में कहीं-कहीं हल्की बारिश की फुहारे भी गिरी। चमोली, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी और टिहरी के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में खूब बर्फबारी हुई। जबकि देहरादून जनपद के चकराता और मसूरी में भी सीजन का दूसरा हिमपात हुआ। इससे पहाड़ से लेकर मैदान तक शीतलहर चलने से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। क्रिसमस के त्योहार और नए साल से पहले अचानक बदलो मौसम से उत्तराखंड में ठंड बढ़ गई है। सोमवार को प्रदेश के पर्वतीय जिलों में हुई बर्फबारी व बारिश से मैदानी इलाकों में चली शीतलहर ने ठिठुरन बढ़ा दी। जबकि मैदानी इलाकों में हुई बूंदाबांदी से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, रुद्रनाथ, फूलों की घाटी, लाल माटी, नंदा घुंघटी की चोटियों के साथ ही नीती और माणा घाटी में बर्फबारी हुई। थराली के बुग्यालों भी हिमपात हुआ है। बदरीनाथ में न्यूनतम तापमान -8 और अधिकतम -3 डिग्री रहा। नीति घाटी में अधिकतम -11 और न्यूनतम -6 डिग्री दर्ज किया। हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं के साथ ही केदारनाथ, वासुकीताल, चोराबाड़ी और दुग्ध गंगा की ऊपरी पहाड़ियों पर बर्फबारी हुई। इसके अलावा द्वितीय केदार मद्महेश्वर, तृतीय केदार तुंगनाथ, चंद्रशिला और पर्यटक स्थल चोपता में भी हल्की बर्फबारी हुई है।

## सार-संक्षेप

### जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुई हिंसा के सात वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** थाना सदर कोतवाली पुलिस ने जामा मस्जिद पर सर्वे के दौरान हुई हिंसा के सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है जिसमें पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के आदेश के अनुपालन में व अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल श्रीचन्द्र व क्षेत्राधिकारी सम्भल अनुज चौधरी के कुशल निर्देशन दिनाक 24.11.2024 को न्यायालय के आदेशानुसार जामा मस्जिद का सर्वे किया जा रहा था उक्त सर्वे के दौरान भीड़ द्वारा सरकारी असलाह लूटकर आगजनी, पत्थरबाजी व फायरिंग की गयी थी। जिसमें काफी संख्या मे पुलिस कर्मी घायल हो गये थे। उक्त सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर नियमानुसार अभियोग पंजीकृत किये गये थे। दिनांक 24.12.2024 को उक्त घटना मे शामिल 07 अभियुक्तगण को बुलबुली मस्जिद के पास बाग से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### एक दिवसीय रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**चन्दौसी।** जिला सेवायोजन कार्यालय संभल एवं राजकीय आई.टी.आई चंदौसी के संयुक्त तत्वाधान से एक दिवसीय रोजगार मेला राजकीय आई.टी.आई बदायूं रोड चंदौसी के प्रांगण में किया गया। रोजगार मेला प्रात: 10:30 बजे से 3 तक रहा। जिसमें श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स गाजियाबाद की प्रतिष्ठित कंपनी ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मेला प्रभारी गौरव पूठिया, जिला सेवायोजन कार्यालय संभल के साथ मंच पर नोडल प्रधानाचार्य राजकीय आई.टी.आई संभल स्तुति गुप्ता, प्रधानाचार्य चंदौसी नरेंद्र सिंह पाल, श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स गाजियाबाद से द्रोपद गंगवार एवं अमित शुक्ला उपस्थित रहे। रोजगार मेले का संचालन मेला प्रभारी गौरव पूठिया के द्वारा किया गया। रोजगार मेले में 412 रोजगार इच्छुक अभ्यर्थी उपस्थित हुआ।

### आरएसएस की शाखा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का मनाया गया स्थापना दिवस



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**खटीमा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का 24 दिसंबर को स्थापना दिवस मनाया गया। मंच के प्रांत संयोजक सय्यद दानिश जान तिरमजी ने कहा कि आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक आदरणीय इंद्रेश के नेतृत्व में लाखों मुस्लिमों को राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ा गया और हिन्दू मुस्लिम एकता पर काम किया गया। तिरमजी ने बताया कि अभी मुस्लिम राष्ट्रीय मंच भारत को अखंड भारत बनाने पर काम कर रहा है पूरे देश व सभी धर्मों में प्रेम मोहब्बत का संदेश लेकर घर घर जाकर काम कर रहा है। बैठक में जिला संयोजक सय्यद अमजद अली, सूफी हसन साकिब, मदारी लल्ला आदि लोग शामिल रहे।

# पहाड़ के गांधी बडोनी को बिरिया मझोला में किया गया याद



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**खटीमा** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरिया मझोला खटीमा में मंगलवार को पहाड़ के गांधी इंद्रमणि बडोनी की जयंती को लोक संस्कृति दिवस के रूप में पूरे धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम प्रधानाचार्य महेंद्र प्रताप पाण्डेय ने स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी और मां सरस्वती के छविचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं प्रधानाचार्य ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य आंदोलन को अहिंसात्मक रूप से चलाने का जो सबसे कठिन काम था वह बडोनी जी ने किया। राज्य निर्माण के मसीहा बडोनी को हम भूल नहीं सकते। आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने लोकगीत प्रस्तुत किया साथ ही वीरेंद्र चन्द, इशिका, दीपिका और सोनम चंद ने भी बहुत अच्छी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मनोज कुमार चन्याल, सर्वेश कुमार गंगवार, पिंकी चंद, तारावती, रेनू उपाध्याय तथा रतन सिंह राना ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

# खाली प्लाट में भरे पानी में डूबने से डेढ़ साल की मासूम की मौत



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**देहरादून।** खाली प्लाट में भरे पानी में जलमुर्गी को पकड़ने गई एक डेढ साल की बच्ची की डूबकर मौत हो गई। बच्ची की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गंगनहर कोतवाली पुलिस के अनुसार, कृष्णानगर में एक खाली प्लाट में पानी भरा हुआ है।

बताया जा रहा है कि अपनी मौसी की शादी में पंजाब से आई डेढ़ साल की किरधा पुत्री डॉक्टर रिचा सिंह घर के बाहर खेल रही थी। इस दौरान बच्ची खाली प्लाट में भरे पानी के पास पहुंच गई और पानी में घूम रही जलमुर्गी को पकड़ने लगी। इस बीच वह प्लाट में बने गड्ढे में डूब गई। बच्ची के गायब होने पर परिजनों ने उसकी आसपास तलाश की। इस बीच परिजनों की नजर प्लाट पर गई तो बच्ची का शव दिखा। परिजन उसे आननफानन में एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और जानकारी ली। बच्ची की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# खेल प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** जिला आर्मी रेसलिंग संघ द्वारा आयोजित कासगंज जिला आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में जिले के लगभग 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का आयोजन वर्ल्ड आर्म रेसलिंग फेडरेशन और पीपल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के नियमों के तहत किया गया।

# गृह मंत्री शाह के बयान पर एससी समाज का आक्रोश जारी



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**खटीमा।** देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा सदन में कुछ दिनों पूर्व बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर को लेकर दिए बयान के उपरांत देश भर के अनुसूचित समाज के लोगो में भारी आक्रोश थमने का नाम नही ले रहा है। वहीं खटीमा तहसील क्षेत्र के अनुसूचित समाज के लोगो ने भी मंगलवार को तहसील पहुंचकर देश के गृह मंत्री के बयान पर अपना आक्रोश व्यक्त कर जोरदार प्रदर्शन किया। साथ ही उन्होंने खटीमा एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग की। इस अवसर पर दलित व वंचित समाज के लोगो ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह द्वारा भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर के खिलाफ दिया गया बयान निंदनीय व अशोभनीय है।

अमित शाह द्वारा बाबा साहब के प्रति दिए गए अपमानजनक बयान से उनके करोड़ों अनुयाइयों को भारी आघात लगा है। इसलिए उन्होंने भारत सरकार से देश के गृह मंत्री को उनके पद से बर्खास्त करने की मांग की। इसके साथ ही आक्रोशित एससी समाज के लोगों ने गृह मंत्री अमित शाह को अपने पद से इस्तीफा देने तथा सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। इस अवसर पर एसके सेन, अरविंद कुमार, मनोज कोहली, विनोद कुमार, मुकेश कुमार, अशोक कुमार, पारस नाथ, नरेश प्रसाद, मोहन चंद्र, सोनपाल, विनोद कुमार, कन्हैयालाल, तुलसी प्रसाद, सतेंद्र कुमार, नारायण लाल, सूरज प्रसाद, वीरेंद्र कुमार, बीरबल तथा रामस्वरूप सहित सैकड़ो की संख्या में अनुसूचित समाज के लोग मौजूद रहे।

# युवती का अपहरण, नदी किनारे मिली बदहवास



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**देहरादून।** सरेराह एक युवती का अपहरण करने का मामला प्रकाश में आया है। युवती बदहवास हालत में सोलानी नदी किनारे मिली है। इस बीच अपहरण के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है। वहीं, ग्रामीणों ने दो अन्य युवकों के नाम भी पुलिस को बताए हैं। जिनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ग्रामीणों को समझाने की कोशिश कर रही है।

पिरान कलियर क्षेत्र के गांव इमलीखेड़ा में मंगलवार की सुबह एक 22 वर्षीय युवती गांव के पास ही गोबर डालने गई थी। काफी देर तक युवती घर वापस नहीं आई तो परिजनों और ग्रामीणों ने उसकी तलाश की। इस बीच युवती गांव के पास बदहवास हालत में मिली। परिजन उसे घर ले आए और उपचार शुरू कराया। वहीं, ग्रामीणों को पता चला कि चार युवकों ने कोई नशीला पदार्थ सुंघाकर युवती का अपहरण किया था। इस बीच ग्रामीण युवकों की तलाश में जुट गए। ग्रामीणों को घटनास्थल के पास एक बाइक सवार युवक खड़ा मिला। ग्रामीणों ने अपहरण के शक में युवक को पकड़ लिया और पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही कलियर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर थाने ले आई। पूछताछ में युवक ने अपने एक और साथी का नाम बताया। पुलिस ने उसे भी हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। वहीं, बड़ी संख्या में ग्रामीण इमलीखेड़ा पुलिस चौकी पर जमा हो गए और युवकों पर अपहरण का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। साथ ही दो अन्य युवकों की गिरफ्तारी पर भी अड़ गए। हंगामा बढ़ता देख रुड़की, भगवानपुर, मंगलौर समेत अन्य थानों की पुलिस बुलाई है।

# न्यायालय में 05 स्थानीय अवकाश घोषित



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** जनपद न्यायालय हेतु जारी कलैण्डर वर्ष 2025 में जनपद न्यायाधीश द्वारा 05 दिवस का स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। प्रभारी प्रशासन, प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश कासगंज ने बताया कि जनपद न्यायालय हेतु कलैण्डर वर्ष 2025 में 14 जनवरी 2025 को मरकसक्रांति, 15 मार्च 2025 को होली, 14 अप्रैल 2025 को डा. भीन राव अम्बेडकर जयंती, 05 सितम्बर 2025 को मीलादुन्नी एवं 1 दिसम्बर 2025 को मेला मार्गशीष का स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उक्त के अतिरिक्त द्वितीय शनिवार व रविवार को पड़ने वाले अवकाश के एवज में भी अतिरिक्त अबलाश घोषित किए गए हैं।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने करूणामूलक आधार पर रोजगार के लिए व्यापक नीति तैयार करने के दिए निर्देश



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**हिमाचल प्रदेश।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने करुणामूलक आधार पर रोजगार के लिए एक वृहद नीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार सभी लंबित मामलों को एक ही बार में निपटाने के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। आज यहां आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में नीति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को करुणामूलक आधार पर रोजगार के लिए आवेदकों का विभाग, आयु तथा शैक्षणिक योग्यता अनुसार डाटा संकलित कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को 10 जनवरी, 2025 को आयोजित होने वाली आगामी बैठक में अपेक्षित डाटा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सेवा के दौरान अपने परिवार के सदस्यों को खोने वाले व्यक्तियों को सरकारी क्षेत्र में रोजगार प्रदान करने के लिए उदार तथा सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपना रही है। राज्य सरकार अधिक से अधिक आवेदकों को लाभान्वित करने के लिए सभी पहलुओं को ध्यान में रखेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार करुणामूलक आधार पर रोजगार प्रदान करने में विधवाओं तथा अनाथों को वरीयता देकर आश्रितों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने अनुकंपा नियुक्तियों के मामलों के गहन अध्ययन के लिए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में मंत्रिमंडलीय उप-समिति का गठन किया है। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और आयुष मंत्री यादविन्द्र गोमा इस उप-समिति के सदस्य हैं। बैठक में उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार, सचिव डॉ. अभिषेक जैन व राकेश कंवर, विशेष सचिव वित्त रोहित जम्वाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# पनामा के राष्ट्रपति का करारा जवाब

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पनामा नहर पर नियंत्रण वापस लेने के बयान से विवाद खड़ा हो गया है। पनामा के राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो ने इस धारणा को अपने देश की संप्रभुता का अपमान बताते हुए इसे सिरे से खारिज कर दिया। साथ ही कहा कि पनामा कभी भी सौदेबाजी का विषय नहीं होगा।



डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा था कि उनका प्रशासन पनामा नहर पर नियंत्रण हासिल करने का प्रयास कर सकता है जिसे अमेरिका ने मूर्खतापूर्ण तरीके से अपने मध्य अमेरिकी सहयोगी को सौंप दिया था। उन्होंने अपनी इस बात के पीछे तर्क दिया कि अटलांटिक और प्रशांत महासागरों को जोड़ने वाली इस अहम नहर से गुजरने के लिए जहाजों से बेवजह शुल्क वसूला जाता है। पनामा के राष्ट्रपति मुलिनो ने ट्रंप के बयान को खारिज कर कहा कि नहर और उसके आसपास का हर वर्ग मीटर पनामा का है और पनामा का ही रहेगा। पनामा के लोगों के कई मुद्दों पर अलग-अलग विचार हो सकते हैं, लेकिन जब हमारी नहर और हमारी संप्रभुता की बात आती है तो हम सभी एकजुट हैं। इसलिए नहर का नियंत्रण पनामा का है और यह कभी भी सौदेबाजी का विषय नहीं होगा। मुलिनों के बयान का समर्थन पूर्व राष्ट्रपतियों अर्नेस्टो पेरेज बल्लाडारेस, मार्टिन टोरिजोस और मिरेया मोस्कोसो ने भी किया।

उन्होंने कहा कि हमारे देश और हमारी नहर की संप्रभुता बिकाऊ नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि शुल्कों को मनमाने ढंग से निर्धारित नहीं किया जाता है। उन्होंने कहा कि पनामा ने जहाज यातायात को बढ़ाने के लिए श्अपनी पहल पर वर्षों से नहर का विस्तार किया है। उन्होंने यह भी कहा कि जहाज यातायात शुल्क में वृद्धि से सुधारों के लिए भुगतान करने में मद मिलती है।

कोलंबियाई राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने एक्स पर कहा कि मैं पनामा और उसकी संप्रभुता की रक्षा के पक्ष में रहूंगा। यदि नया अमेरिकी प्रशासन व्यापार पर बात करना चाहता है, तो हम आमने-सामने और अपने लोगों की भलाई के लिए व्यापार पर बात करेंगे, लेकिन हम कभी भी सम्मान और गरिमा पर बातचीत नहीं करेंगे। अमेरिका ने 19०० के दशक की शुरुआत में इस नहर का निर्माण किया था और उसका मकसद अपने तटों के बीच वाणिज्यिक और सैन्य जहाजों के आवागमन को सुविधाजनक बनाना था।

## एसएसपी ने छह सीओ के क्षेत्राधिकार बदले

**अलीगढ़।** एसएसपी संजीव सुमन ने जिले में तैनात सीओ प्रथम, द्वितीय, तृतीय, गभाना, इगलास व बरला के सीओ के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार एसएसपी ने आईपीएस मयंक पाठक को सीओ तृतीय के स्थान पर अब सीओ प्रथम का जिम्मा दिया है। सीओ प्रथम अभय पांडे को सीओ तृतीय बनाया है। सीओ इगलास के रूप में आईपीएस भवरे दीक्षा अरुण को बनाया है। यहां तैनात सीओ इगलास राजीव द्विवेदी को सीओ द्वितीय बनाया है। वे गांधीपार्क, बन्नादेवी, महिला थाने का कार्यभार देखेगें। सीओ बरला जयशंकर मिश्र को सीओ यातायात, अपराध, कार्यालय, यूपी-112 बनाया है। सीओ द्वितीय संजीव कुमार तोमर को सीओ गभाना बनाया है। सीओ गभाना गर्वित सिंह को सीओ बरला बनाया है।

# रूस के तेल डिपो पर यूक्रेन का हमला

**यूक्रेन।** देश ने रूस के एक अहम तेल डिपो पर रविवार को ड्रोन हमला किया। रूस की ऊर्जा शृंखला को ध्वस्त करने के प्रयासों के तहत यूक्रेन की तरफसे किया गया यह हफ्ते भर के भीतर दूसरा हमला है। दक्षिणी ओर्योल के गवर्नर एंड्रेय क्लाइचकोव ने टेलीग्राम संदेश में बताया कि स्टैलनोय कॉन तेल टर्मिनल में यूक्रेन के ड्रोन हमले के बाद आग धधक उठी।



उन्होंने बताया कि यूक्रेन की तरफसे क्षेत्र में भेजे 2० ड्रोन को पता लगाकर नष्ट कर दिया गया। तेल डिपो में लगी आग को भी थोड़ी देर बाद बुझा दिया गया। एक मीडिया प्रतिष्ठान की तरफसे साझा किए गए हमले के वीडियो में तेल डिपो से आग की ऊंची-ऊंची लपटें निकलती दिखाई दे रही हैं।

नेपाल में दो भारतीय नागरिकों को सोना तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए भारतीयों के पास से 549.2 ग्राम सोना जब्त किया है। नेपाल पुलिस ने बताया कि कैलाली जिसे से गिरफ्तार भारतीय नागरिकों की पहचान दीपक गुप्ता (44) और सुमित बर्मा (34) के रूप में हुई है। सुरक्षा बलों ने रविवार को अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अभियानों में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के एक कमांडर सहित 11 संदिग्ध आतंकवादियों को मार गिराया। आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद खैबर जिले की अशांत तिराह घाटी और लक्की मरवत जिले में ये अभियान संचालित किए गए। आतंकवादियों का एक समूह पीर मेला के रास्ते तिराह घाटी से आगे बढ़ रहा था, तभी सुरक्षा बलों ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद हुई गोलीबारी में 1० आतंकवादी मारे गए जबकि चार अन्य घायल हो गए।

# क्या एलन मस्क बन सकते हैं अमेरिका के राष्ट्रपति

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप की अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद अरबपति उद्योगपति एलन मस्क बेहद ताकतवर होकर उभरे हैं। ट्रंप सरकार में भी मस्क की अहम भूमिका होने जा रही है। ऐसे में रविवार को एक कार्यक्रम के दौरान खुद डोनाल्ड ट्रंप से पूछ लिया गया कि क्या भविष्य में एलन मस्क अमेरिका के राष्ट्रपति बन सकते हैं। इसके जवाब में डोनाल्ड ट्रंप नियमों का हवाला देने लगे।



एरिजोना के फीनिक्स में डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी के एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान डोनाल्ड ट्रंप से पूछा गया कि क्या एलन मस्क अमेरिका के राष्ट्रपति बन सकते हैं तो इस पर ट्रंप ने सीधा जवाब देते हुए कहा नहीं...ऐसा नहीं होगा। ट्रंप ने कहा कि क्या आप जानते हैं कि वे राष्ट्रपति क्यों नहीं बन सकते। दरअसल वे अमेरिका में पैदा नहीं हुए हैं।गौरतलब है कि अमेरिकी संविधान के अनुसार जो व्यक्ति अमेरिका में पैदा हुआ है, वही अमेरिका का राष्ट्रपति बन सकता है। एलन मस्क का जन्म दक्षिण अफ्रीका में हुआ था। ट्रंप ने अपनी सरकार में एलन मस्क को सरकार के खर्चों को नियंत्रित रखने की जिम्मेदारी सौंपी है।

हाल ही में जब व्यय विधेयक लाया गया था तो ट्रंप के साथ एलन मस्क ने रिपब्लिकन सांसदों पर खासा दबाव डाला था कि वे उस विधेयक का समर्थन न करें। इसके चलते अमेरिका में शटडाउन के हालात बन गए थे, जिसके चलते क्रिसमस के मौके पर लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता। हालांकि एक नया विधेयक लाकर शटडाउन की स्थिति को टाल दिया गया। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने डेमोक्रेट सांसदों के साथ ही कई रिपब्लिकन सांसदों को भी नाराज कर दिया। गैर-निर्वाचित नागरिक सरकार में इतना ताकतवर कैसे हो सकता है? कुछ डेमोक्रेट सांसद को ट्रंप सरकार पर तंज कसते हुए मस्क को प्रेसिडेंट मस्क भी कहने लगे हैं।

## नौवां गोगाजी धाम का स्थापना दिवस प्रारंभ

**अलीगढ़।** जाहरवीर बाबा गोगा महाराज मंदिर गोगा धाम, निकट राठौर बगीची, माधव रोड, महेंद्र नगर अलीगढ़ का नौवां स्थापना दिवस एवं मेला कार्यक्रम विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बहुत ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। गोगाजी धाम के मीडिया प्रभारी भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार गोगाजी धाम के नवम स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर सोमवार गोगा महाराज के दुग्धाभिषेक एवम स्नान दर्शन के पश्चात बाबा एवम काली माता को पोशाक चढ़ाई गई। दोपहर महानगर के गणमान्य समाजसेवियों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमे पांच समाजसेवी जोड़ों को उनके उत्तम कार्य के लिए दुशाला , माला पहनाकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह मे जनप्रिय संस्था के संस्थापक अटल कुमार वार्ष्णेय एवं उनकी धर्मपत्नी उमा वार्ष्णेय, कालीचरण वार्ष्णेय एवं उनकी धर्मपत्नी कुसुम वार्ष्णेय, सुरेश यादव, कुसुमा देवी आदि मौजूद रहे।

# बंधकों की रिहाई को लेकर नेतन्याहू का बड़ा दावा

**यरुशलम।** इस्राइल और हमास के बीच गाजा में बंधकों की रिहाई को लेकर चल रही वार्ता कुछ आगे बढ़ी है। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस बात के संकेत दिए। नेतन्याहू ने कहा कि गाजा में बंधकों की रिहाई को लेकर चल रही वार्ता में कुछ प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि हम जो कुछ कर रहे उसका खुलासा तो नहीं किया जा सकता। मगर मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि हम उन्हें वापस लाने के लिए कार्रवाई कर रहे हैं।



इस्राइल के सांसदों को उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि वार्ता में कुछ प्रगति हुई है। हम तब तक काम करना बंद नहीं करेंगे जब तक हम सभी को वापस नहीं ले आते हैं। मैं बंधकों के परिवारों से कहना चाहता हूं कि हम आपके बारे में सोच रहे हैं और हम आपके प्रियजनों को नहीं छोड़ेंगे। हाल ही में दोहा में कतर, मिस्र और अमेरिका की मध्यस्थता में इस्राइल और हमास के बीच बंधकों की रिहाई को लेकर वार्ता हुई है। मगर बंधकों के परिवार नेतन्याहू की ईमानदारी के प्रयासों पर सवाल उठा रहे हैं। वे इस्राइल के प्रधानमंत्री पर युद्ध विराम प्रस्ताव में बाधा डालने और इसे लंबा खींचने का आरोप लगा रहे हैं। हमास, इस्लामिक जिहाद और वामपंथी पॉपुलर फ्रंट फॉर द लिबरेशन ऑफ फलस्तीन ने भी समझौते को लेकर कहा कि प्रगति हुई है।

युद्ध विराम और कैदियों की अदला-बदली के लिए समझौते पर पहुंचने की संभावना पहले से कहीं अधिक निकट है, बशर्ते इस्राइल नई शर्तें थोपना बंद कर दे। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इन दिनों अरब देशों के साथ नए शांति समझौते करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह अरब देशों के साथ नए शांति समझौते पर हस्ताक्षर करना चाहते हैं।

यह अमेरिकी प्रशासन के साथ 2०2० में किए गए अब्राहम समझौते जैसा होगा। नेतन्याहू ने कहा कि अरब देश इस्राइल को क्षेत्रीय शक्ति और संभावित सहयोगी मानते हैं। मैं इसका लाभ उठाना चाहता हूं। इसलिए मैं अपने अमेरिकी मित्र देशों के साथ मिलकर मैं अब्राहम समझौते का विस्तार करने की योजना बना रहा हूं। मैं मध्य पूर्व की तस्वीर को और भी नाटकीय रूप से बदलना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि इस्राइल सीरिया की सीमा पर आतंकवादी संगठनों को हमारे समुदायों के पास बसने की अनुमति नहीं देगा। यह हमारे अस्तित्व और इस्राइल के लिए लड़ाई है। हमें अपनी सीमाओं की रक्षा करनी होगी।

# क्रिसमस पर मध्य पूर्व के लिए शांति और भाईचारे की अपील

**ब्रिटेन।** हर कोई क्रिसमस को लेकर उत्साहित है। ऐसे में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि वे मध्य पूर्व, जो क्रिसमस की कहानी का जन्मस्थान है, में शांति की कामना करेंगे और सभी के लिए उज्जवल भविष्य की उम्मीद करेंगे।



डाउनिंग स्ट्रीट द्वारा बुधवार को क्रिसमस से पहले जारी किए गए एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास के लोगों का ख्याल रखें। उन्होंने विशेष रूप से उन सशस्त्र बलों और फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया, जो देश भर में लोगों की मदद कर रहे हैं। डाउनिंग स्ट्रीट द्वारा बुधवार को क्रिसमस से पहले जारी किए गए एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास के लोगों का ख्याल रखें। उन्होंने विशेष रूप से उन सशस्त्र बलों और फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया, जो देश भर में लोगों की मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस क्रिसमस पर मैं शांति की कामना करूंगा। विशेष रूप से मध्य पूर्व में, जो क्रिसमस की कहानी का जन्मस्थान है। मैं हर व्यक्ति के लिए एक बेहतर व उज्जवल भविष्य की उम्मीद करूंगा और क्रिसमस से मिलने वाली खुशी और आश्चर्य का जश्न मनाऊंगा। उन्होंने आगे कहा, श्यह त्योहार याद दिलाता है कि क्या वास्तव में महत्वपूर्ण है, जैसे परिवार, मित्रता और सभी लोगों के बीच भाईचारा। इन उत्सवों में, साथ ही मुश्किल समय में भी हम एक दूसरे के लिए मौजूद हैं। मैं खास तौर पर उन लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जो इस साल अपना क्रिसमस दूसरों की सेवा में बिताएंगे।

हमारे राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा और आपातकालीन सेवाओं, हमारे सशस्त्र बलों और चर्चों व चौरिटी में जो इस क्रिसमस पर हर व्यक्ति का स्वागत करेंगे। पीएम स्टार्मर ने कहा कि क्योंकि मुझे पता है कि यह हर किसी के लिए आसान समय नहीं है और संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जो इस क्रिसमस पर अकेले हैं। जो कठिन समय से गुजर रहे हैं या किसी प्रियजन को खो रहे हैं। आप अकेले नहीं हैं, क्योंकि जब ईसाई ईसा मसीह के जन्म का उत्सव मनाते हैं।

## अतिक्रमण को चिन्हित करने की कवायद शुरू

**अलीगढ़।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन की नगरों में विकास की सर्वोच्च प्राथमिकता की योजना मुख्यमंत्री-ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम के योजनान्तर्गत अलीगढ़ नगर निगम द्वारा लगभग 1424.77 लाख की लागत से वार्ड सं ०8, 15, 26, 69 गूलर रोड पर जी०टी० रोड स्थित शहंशाह होटल की पुलिया से देहलीगेट चौराहे तक 2.०8 मीटर लंबी सड़क निर्माण और 1518.75 लाख की लागत से वार्ड 54, 31, 3०आई०टी०आई० रोड पर जेल पुल के पास स्थित बिजलीघर से आई०टी०आई० रोड होते हुए बरौला पुल तक 1.78 मीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य का नगर आयुक्त ने निरीक्षण करते हुए इस योजनांतर्गत सभी सड़कों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए कहा गया है।

# सीरिया के पूर्व तानाशाह पर टूटा दुखों का पहाड़

**सीरिया।** देश के अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद के बुरे दिन खत्म होने का नाम नहीं ले रहे हैं। पहले अपने देश को छोड़कर रूस भागना पड़ा और अब पत्नी अस्मा अल-असद ने बड़ा झटका दिया है। दरअसल, अस्मा ने तलाक की अर्जी दाखिल की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, विद्रोहियों द्वारा अपने पति को सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद अस्मा भी उनके साथ रूस चली गई थीं। पर अब वह वहां की जिंदगी से खुश नहीं हैं।



कथित तौर पर वह अपने गृहनगर लंदन में शिफ्ट होना चाहती हैं। यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, अस्मा के पास ब्रिटिश और सीरिया की नागरिकता है। उनका जन्म और पालन-पोषण लंदन में सीरियाई माता-पिता ने किया। अस्मा साल 2००० में सीरिया चली गईं। उसी साल 25 साल की उम्र में उन्होंने असद से शादी कर ली। 49 वर्षीय पूर्व प्रथम महिला ने रूसी न्यायालय में तलाक का आवेदन दायर किया है और मॉस्को छोड़ने के लिए विशेष अनुमति मांगी है। बशर अल-असद 24 साल तक राष्ट्रपति रहे, उन्होंने 2००० में पदभार संभाला और अपने पिता हाफिज अल-असद की जगह ली, जिन्होंने 1971 से 2००० तक शासन किया। मगर इस महीने की शुरुआत में, सीरिया में तख्तापलट के बाद असद ने रूस से शरण मांगी और पुतिन ने अनुरोध को स्वीकार कर लिया था। हालांकि, माना जाता है कि बशर अल-असद को गंभीर प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें मॉस्को छोड़ने या किसी भी राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने की अनुमति नहीं है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रूसी अधिकारियों ने उनके पैसे और संपत्ति को भी जब्त कर लिया है, जिसमें 27० किलोग्राम सोना, दो अरब डॉलर और मॉस्को में 18 अपार्टमेंट शामिल हैं। सऊदी और तुर्की की रिपोर्टों के अनुसार, बशर अल-असद के भाई माहेर अल-असद को रूस में शरण नहीं दी गई है और वह व उनका परिवार घर में नजरबंद हैं। माहेर के शरण अनुरोध की अभी भी समीक्षा की जा रही है। असद के परिवार ने करीब पांच दशक तक सीरिया में शासन किया था।

# श्रीराम कृष्णन को बनाया वरिष्ठ नीति सलाहकार

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी टीम में एक और भारतवंशी को जगह दी है। उन्होंने रविवार को भारतीय अमेरिकी उद्यमी, पूंजीपति और लेखक श्रीराम कृष्णन को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर व्हाइट हाउस के वरिष्ठ नीति सलाहकार के रूप में नियुक्त किया।



उन्होंने कहा कि श्रीराम कृष्णन व्हाइट हाउस ऑफिस ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी पॉलिसी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के वरिष्ठ नीति सलाहकार के रूप में काम करेंगे। कृष्णन पहले माइक्रोसॉफ्ट, ट्विटर, याहू!, फेसबुक और स्नैप की प्रोडक्ट टीम का नेतृत्व कर चुके हैं। वे डेविड ओ. सैक्स के साथ काम करेंगे, जो व्हाइट हाउस एआई और क्रिप्टो जार होंगे। ट्रंप ने कहा कि डेविड सैक्स के साथ मिलकर काम करते हुए श्रीराम एआई में निरंतर अमेरिकी नेतृत्व सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। वे विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रपति की सलाहकार परिषद के साथ काम करने सहित सरकार में एआई नीति को आकार देने और समन्वय करने में मदद करेंगे। श्रीराम ने माइक्रोसॉफ्ट में विंडोज एज्योर के संस्थापक सदस्य के रूप में अपना करियर शुरू किया था।

नियुक्ति के एलान के बाद कृष्णन ने कहा कि मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। अपने देश की सेवा करने के लिए मैं कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। मैं डेविड सैक्स के साथ मिलकर काम करते हुए एआई में निरंतर अमेरिकी नेतृत्व सुनिश्चित करने में सक्षम होने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

## रोडवेज ने टैम्पों को रौंदा, चार घायल

**अलीगढ़।** सिकंद्राराऊ सवारी भरकर जा रहे टेंपो को रोडवेज ने टक्कर मार दी जिसमें चालक सहित चार घायल हो गये । सूचना पर पहुंची एंबुलेंस घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल लेकर आई। गांधी पार्क क्षेत्र धनीपुर निवासी टेंपो चालक विवेक कुमार कंपनी बाग से सवारी भरकर सोमवार की सुबह सिकंदराबाद जा रहा था। जैसे ही वह खेड़ा नारायणपुर पर पहुंचा ही था कि पीछे से आ रही रोडवेज टक्कर मारती हुई टेंपो को घसीटते हुए ले गई। जिसमें टेंपो चालक सहित तीन सवारी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही 1०33 हाईवे एंबुलेंस मौके पर पहुंची।

# महिला को जिंदा जलाने का आरोपी अवैध अप्रवासी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में सबवे ट्रेन में एक महिला को जिंदा जलाने वाला आरोपी एक अवैध अप्रवासी है। जांच में खुलासा हुआ है कि उसे पहले निर्वासित कर दिया गया था, लेकिन वह फिर से अमेरिका में अवैध रूप से दाखिल हो गया। अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए हैरानी जताई। पुलिस ने आरोपी को रविवार को गिरफ्तार किया था।



आरोप है कि ग्वाटेमाला के निवासी सेबेस्टियन जेप्टा ने कॉने आइलैंड और स्टिलवैल एवेन्यू के बीच चलने वाली सबवे ट्रेन में एक महिला को जिंदा जला दिया। इस घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस जांच में पता चला है कि जेप्टा को साल 2०18 में अमेरिका के एरिजोना में बॉर्डर पुलिस ने अवैध रूप से सीमा पार करते हुए पकड़ा था।

इसके बाद जेप्टा को निर्वासित कर दिया गया था, लेकिन वह फिर से अमेरिका में दाखिल हो गया। हालांकि जेप्टा फिर से कैसे और कब अमेरिका पहुंचा, इसका पता नहीं चला है। जेप्टा के इस खुलासे को लेकर सोशल मीडिया पर काफी कुछ लिखा जा रहा है। ऐसे ही एक सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए एलन मस्क ने लिखा-वाह। दरअसल मस्क अवैध अप्रवासन के विरोधी हैं और राष्ट्रपति चुनाव में अवैध अप्रवासन का मुद्दा खूब गरमाया था। यही वजह है कि मस्क ने जेप्टा के अवैध रूप से अमेरिका में आने के लिए मौजूदा सरकार पर तंज कसा। जेप्टा पर आरोप है कि उसने लाइटर से महिला के कपड़ों में आग लगा दी, जिससे कुछ ही सेकेंड में जलकर महिला की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने इसे किसी इंसान का इंसान के प्रति सबसे घृणित अपराध कहा है।

घटना के कुछ घंटे बाद ही जेप्टा को गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस का कहना है कि जेप्टा की जेब से लाइटर भी बरामद किया गया था। पुलिस ने अभी तक मृतका की पहचान उजागर नहीं की है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादकः अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेलः amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2021/82941

# साँई मिलेनियम स्कूल में धूमधाम से मनाया क्रिसमस पर्व










**जायना-आयरा ने क्लास में टॉप, किया गया प्रोत्साहित**




अमर भास्कर ब्यूरो

**नहटौर।** क्षेत्र व नगर के एक मात्र प्रतिष्ठित सौंई मिलेनियम इंग्लिश मीडियम स्कूल में क्रिसमस पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। अपनी अपनी क्लास में टॉप 10 की पोजीशन लाने वाले बच्चों को स्कूल प्रबंधन तंत्र की ओर से प्रोत्साहित किया गया। किसके साथ ही उन्हें आगे और अधिक मेहनत करने के लिए भी कहा गया।

क्रिसमस डे के उपलक्ष में सौंई मिलेनियम इंग्लिश मीडियम स्कूल में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई रंग रंग गीत संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें संगीत के टीचरों ने नये पुरानी गीतों पर अपनी प्रस्तुति देकर खूब वाह वाही लूटी। छोटे बड़े बच्चों ने सेल्फी प्वाइन्ट पर सेल्?ी पिक खिंचवाई। कार्यक्रम में सौंई मिलेनियम इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित क्रिसमस पर्व पर एमडी सुनील त्यागी, मेडिकल ऑफिसर रेनू त्यागी, विद्यालय प्रधानाचार्य शिक्षकों शिक्षिकाओं स्टाफ ने सभी छात्र-छात्राओं को क्रिसमस डे की शुभकामनाएं दी। सौंई मिलेनियम इंग्लिश मीडियम स्कूल क्रिसमस पर्व के साथ ही अपनी अपनी क्लास में टॉप 10 में आए छात्र-छात्राओं को एमडी सुनील त्यागी, रेनु त्यागी, चारु मैम, रश्मि मैम, दिनेश सर, लाखन सर व स्कूल प्रबंधन तंत्र की ओर कक्षा 7 ए की छात्रा जायना भारती व कक्षा 1 बी की छात्रा आयरा भारती व अन्य छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया साथ ही छात्र-छात्राओं को भी भविष्य में और अधिक में करने के लिए कहा गया। बताती चले कि साई मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल क्षेत्र में नगर वासियों का एक मात्र स्कूल है जो अपनी उच्च शिक्षा, भव्य स्कूल बिल्डिंग, तजुर्बे कार, व उच्च शिक्षा प्राप्त स्कूल शिक्षको के बल पर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बन चुका है जिसके लिए स्कूल के एमडी सुनील त्यागी, मेडिकल ऑफिसर रेनू त्यागी व साई मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल का समस्त प्रबंध तंत्र स्टाफ बधाई के पात्र है।

# बाबा खाटू श्याम प्रेमी अमित बिश्नोई का नगीना में हुआ भावेश स्वागत



अमर भास्कर ब्यूरो

**नगीना।** बाबा खाटू श्याम प्रेमी अमित विश्नोई मौहल्ला बिश्नोई सराय निवासी खाटू श्याम की 1600 किलोमीटर की पैदल यात्रा हेतु नगीना से बद्रीनाथ के लिए करीब 45 दिन पहले रवाना हुए थे श्याम प्रेमी के खाटू श्याम से वापस नगीना आने पर नगर के गण मान्य लोगो ने जोरदार स्वागत किया गया।

नगर के मौहल्ला विश्नोई सराय निवासी 42 वर्षीय अमित विश्नोई बाबा खाटू श्याम के अनन्य भक्त हैं विगत वर्षों में वह कई बार नगीना से खाटू श्याम की पैदल यात्रा कर बाबा के दर्शन कर चुके हैं अमित विश्नोई के अनुसार इस बार उन्होंने बद्रीनाथ से खाटू श्याम और खाटू श्याम से नगीना तक की 1600 किलोमीटर की पैदल यात्रा का संकल्प लिया था जिसको पूरा करते हुए मंगलवार की दोपहर को नगर में वापस आने पर अनेक स्थानों पर नगर के दर्जनों श्याम भक्तो ने फूल माला व जलपान आदि कराकर जोरदार स्वागत किया। आस्था और श्रद्धा से वशीभूत होकर अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खाटू श्याम प्रेमी अमित विश्नोई बुधवार की सुबह मौहल्ला बिश्नोई सराय स्थित नवीन बिश्नोई मंदिर से खाटू श्याम ( राजस्थान ) की यात्रा के लिए रवाना हुए थे यात्रा पूर्ण कर गृहनगर पहुचने पर नगर के श्याम प्रेमिओ में अत्यंत उत्साह के साथ खाटू श्याम के नारे लगाते हुए रेलवे स्टेशन चौराहे से नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए विश्नोई सराय स्थित निवास पर पहुचने पर मोहल्ले की महिलाओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया साथ ही नगर के मुख्य मार्गो पर दर्जनों स्थानों पर भी श्याम भक्त का स्वागत सम्मान किया गया। नगर के प्रवेश द्वार रेलवे स्टेशन चौराहे के करीब सम्राट रेस्टोरेंट के स्वामी विशाल गुप्ता उर्फ मोनू ने श्याम भक्त अमित विश्नोई को पगड़ी पहनाकर व साथ चल रहे सभी श्याम प्रेमिओ का स्वागत कर जलपान कराया। इस अवसर पर उनके परिजनों के अतिरिक्त उनके शुभचिंतक व खाटू श्याम प्रेमी, सभासद रोहित विश्नोई, अतुल बिश्नोई, रोशन लाल, नंदलाल, हर्ष बिश्नोई, सुशील विश्नोई, मनोज बिश्नोई, राकेश प्रजापति, राजा प्रजापति, राहुल राज आदि दर्जनों स्त्री /पुरुष मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह ने की बिजनौर में महिला जनसुनवाई



अमर भास्कर ब्यूरो

**बिजनौर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी, अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अवनी सिंह, सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ द्वारा विकास भवन बिजनौर स्थित सभागार कक्ष में महिला जन सुनवाई का आयोजन किया गया। महिला जन-सुनवाई में उपस्थित 79 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिनमें में से 52 महिलाओं द्वारा अपनी-अपनी समस्याओं को मा0 सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया गया।जन-सुनवाई में शिकायतकर्ताओं द्वारा आवास बनवाने, घरेलू हिंसा, वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन बनवाने, घरेलू / पति-पत्नि विवाद से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत की गईं। मा0सदस्य द्वारा पीड़िताओं की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारीगण को एक सप्ताह में निराकरण कराने के लिए निर्देशित किया गया। जन-सुनवाई के उपरान्त मा0 सदस्य द्वारा ग्राम अम्हेड़ा विकास खण्ड हल्दौर में आंगनवाडी केन्द्र का निरीक्षण किया गया तथा केन्द्र पर 3 महिलाओं की गोद भराई एवं 2 शिशुओं को अन्नप्राशन कराया गया। सदस्य श्रीमती अवनी सिंह द्वारा जनपद बिजनौर में जनसुनवाई/ निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी, पुलिस अधीक्षक नगर, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला परिवीक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के कर्मचारीगण शामिल रहे।

# नजीबाबाद क्षेत्र में 5 गाय गौशाला में मृत, जिम्मेदार कौन : बजरंग दल





**गौशाला पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध में किया जमकर हंगामा**

अमर भास्कर ब्यूरो

**नजीबाबाद।** बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सुबह के समय टहलने के लिए निकले थे कि अचानक से जालवपुर गुदर नजीबाबाद में गौ शाला में चले गए जिस में 5 गाय मरी हुई व 3 गाय मूर्छित अवस्था में मिली जिस पर कार्यकर्ताओं ने जानकारी ली।

उपरांत कार्यकर्ताओं ने बजरंग दल के जिले व प्रखंड के सभी कार्यकर्ताओं को सूचना दी तब भी कार्यकर्ताओं से अभद्र व्यवहार किया गया जिस का कार्यकर्ताओं ने पूर्ण रूप से विरोध किया व संबंधित अधिकारियों को इस विषय में जानकारी दी गई। जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य टीम, व अन्य अधिकारी आए और 5 गाय को तुरंत विधि संस्कार के साथ दफनाया गया, जिस में जिला सुरक्षा प्रमुख अभिषेक त्यागी, प्रखंड संयोजक पीयूष, दीपक कश्यप, अजय, प्रखण्ड मंत्री, सचिन प्रखण्ड बालोपासन प्रमुख ,पवन हिमांशु ,विशाल आदेश ,नितिन कपिल आदि रहे।

# दुर्गा पब्लिक स्कूल में आज आयोजित होगा बेबी टैलेंट शो



अमर भास्कर ब्यूरो

**धामपुर।** नगर की शिक्षण संस्था धामपुर पब्लिक स्कूल में आज 25 दिसंबर को आयोजित होने वाले बेबी टैलेंट शो 2024 की तैयारियां पूरी हो चुकी है। नन्हे मुन्ने बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित होने जा रहा हैं ।

इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर सूर्य प्रताप सिंह एवं प्रिंसीपल बबीता गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रातः 10 बजे से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान रहेगी जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में हिंदू रक्षा सेना के महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ऐश्वर्या चौधरी नगर की प्रसिद्ध समाज सेविका एवं नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह की धर्मपत्नी ज्योति चौधरी प्रसिद्ध ड्रेस डिजाइनर रिप्पी कौर एवं रोमियो डांस ग्रुप के डायरेक्टर तथा कोरियोग्राफर रोमियो मयूर आदि रहेंगे प्रिंसीपल बबीता गुप्ता ने बताया कि डिस्कवरी माइंड प्री स्कूल के बच्चों द्वारा बेबी टैलेंट शो 2024 से संबंधित प्रदर्शित किए जाने वाले कार्यक्रमों की सभी प्रकार की तैयारी स्कूल की शिक्षिकाओं के निर्देशन में की जा रही है उन्होंने आमंत्रित अतिथियों से नन्हे मुन्ने बच्चों को प्रोत्साहन एवं सम्मान के साथ ही अपना आशीर्वाद प्रदान करने के लिए निर्धारित समय पर पहुंचने की बात भी कही है।

# चौधरी चरण सिंह किसानों के दुख-दर्द में रहे उनके हम सफरः सरदार बलवीर सिंह



अमर भास्कर ब्यूरो

**नजीबाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं ने सरदार बलवीर सिंह की बुंदकी मार्ग स्थित निज स्थान संजीवनी नर्सरी पर एक कार्यक्रम का आयोजन कर किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए वरिष्ठ नेता सरदार बलवीर सिंह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का जन्म हापुड़ गांव की एक झोपड़ी में हुआ था। चौधरी चरण सिंह किसानों के लिए संघर्षरत रहते हुए वह एक अच्छे किसान नेता साबित हुए तथा भारत के प्रधानमंत्री पद तक पहुंचे थे। किसानों के दुख-दर्द में उनके हमसफर रहे। उन्होंने किसानों के लिए संघर्ष के साथ सम्पूर्ण भारतीय की भावनाओं के अनुरूप कार्य किया। कृषि व उसकी समस्याओं से परिचित होने बाद उन्होंने आजीवन भारतीय कृषकों के हितों के लिए बहुमूल्य योगदान दिया। चौधरी चरण सिंह एक जुझारू नेता, स्वतंत्रता सेनानी, कुशल प्रशासक थे। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिये जाने के लिए धन्यवाद किया। सरदार बलवीर सिंह की अध्यक्षता एवं चैधरी हरेंद्र सिंह तोमर के संचालन में कार्यक्रम में शरीफ अहमद, सर्वजीत सिंह, हलीम दानिश, तिलकराम, सुमन्त कुमार, हरभजन सिंह, सोमपाल सिंह, मोहनपाल, ललित राणा, इकबाल, चौधरी, जसमेल सिंह, मुनीस अहमद, प्रधान जुल्फकार अली आदि मौजूद रहे।

# पर्यावरण प्रेमियों ने एसडीएम को भेंट किए पौधे



अमर भास्कर ब्यूरो

**नगीना।** भारतीय सद्भावना मंच पर्यावरण प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने एसडीएम नगीना मांगेराम चौहान को पौधे किए भेंट। भारतीय सद्भावना मंच पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य अशोक कुमार गहलौत व उनके साथ प्रदेश महासचिव नूरजहां शिक्षिका एम एम इंटर कालेज नगीना, मण्डल संयोजक मुरादाबाद मोहम्मद इरशाद अंसारी ने एसडीएम नगीना मांगेराम चौहान के कार्यालय पहुंचे और पर्यावरण सुशासन वृक्षारोपण पर तीन पौधे भेंट किए।

## तालाबों की भूमि को शीघ्र जाएगा कब्जा मुक्तः एसडीएम

*नगीना। तालाबों की भूमि को कब्जामुक्त कराया जायेगा। मंगलवार की दोपहर को अपने कार्यालय में एसडीएम मांगे राम चौहान ने बताया कि तहसील क्षेत्र सहित नगर क्षेत्र के सभी 16 तालाबों की भूमि की जांच व क्षेत्रफल की नपाई कराकर सभी तालाबों की भूमि पर किये गये गये अवैध कब्जे हटवाकर तालाबों की भूमि को कब्जा मुक्त कराने का कार्य शीघ्र किया जायेगा। इस मुहीम पर कार्य करने की योजना को अंतिम रुप दिया जा रहा है एसडीएम मांगे राम चौहान ने बताया कि जिन लोगों ने तालाबों की भूमि पर अवैध कब्जे कर आवास बना लिये हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई करने व तालाबों पर अवैध कब्जा कर आवास बनाकर रहने वाले गरीब लोगों की वैकल्पिक व्यवस्था पर भी विचार किया जायेगा , उन्होंने स्पष्ट कहा कि तालाबों की भूमि पर से अवैध कब्जे हटवाकर कब्जा मुक्त करवाया जायेगा।*

# सहसपुर में लगाया गया आँखों का निशुल्क जांच कैम्प





अमर भास्कर ब्यूरो

**सहसपुर।** स्थानीय मोहल्ला मोलवियान निकट हकीमपु चौक स्थित सहसपुर होम्योपैथिक वेल्फेयर सोसाइटी (रजि.) दिल्ली की होम्योपैथिक चैरिटेबल पर आंखों की जांच का का कैंप लगाया गया।

जिसमें सहसपुर नगर के साथ-साथ गांव मेवानवादा, मेवाजट, महमूदपुर, मकसूदपुर, सलेमपुर, गढ़ी, कांठ आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई। सहसपुर होम्योपैथिक वेल्फेयर सोसाइटी (रजिस्टर्ड दिल्ली) की सौजन्य से 63 लोगों की आंखों निःशुल्क जांच के साथ- साथ निःशुल्क दवाई भी दी। होम्योपैथिक डॉक्टर नफीस अहमद का कहना है कि हमें अपनी आंखों की हिफाजत स्वयं करनी चाहिए क्योंकि दुनिया की सबसे अनमोल अल्लाह की नेमत एक बहुत ही अनमोल हमारे शरीर का हिस्सा है आंख कहा जाता है की आंख गई तो दुनिया का नजारा गया। डॉ.नफीस का कहना है, कि आजकल स्कूल के बच्चे हो या नौजवान ज्यादातर मोबाइल पर वीडियो फिल्म ,वीडियो गेम अर्थात् अधिकतम समय बच्चे, नौजवान अपनी निगाह मोबाइल की डिस्प्ले पर डालता है। जिसके परिणाम स्वरूप हमारी आंखों में बचपन में ही चश्मा लग जाता है। तथा कभी-कभी आंखों में मोतियाबिंद या बार-बार पानी आना जैसी घातक बीमारियों का अल्प आयु में ही सामना करना पड़ता है। ऐसे में हमें अपनी आंखों की हिफाजत स्वयं करते हुए। माता-पिता को भी थोड़ा मजबूत होना पड़ेगा कि वह अपने बच्चों को मोबाइल न दे। कैंप में मौजूद मोहम्मद जावेद, मोहम्मद नबील, होम्योपैथिक चैरिटेबल के डॉक्टर नफीस अहमद स्योहारवी, आंखों के डॉक्टर अंकुर चौहान, ज़फरुद्दीन उर्फ अजुमी भौय्या (सभासद) नगर पंचायत सहसपुर, अल हुदा इस्लामिक स्कूल के प्रबंधक नुजहत हुसैन व मोहम्मद अनीस आदि लोग कैंप में उपस्थित रहे।

# वी के स्कूल में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस का त्यौहार



अमर भास्कर ब्यूरो

**नहटौर।** क्रिसमस डे के उपलक्ष में वीके इंटरनेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर कई रंग रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें कक्षा तीन से कक्षा 6 तक के विद्यार्थियों ने नृत्य प्रस्तुत किया।

वही किंडर गार्डन के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया कक्षा 6 से 8 वी तथा कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने म्यूजिकल चेयर में प्रतिभा? किया जिसमें कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के ग्रुप में मोहम्मद अरसान कक्षा 6 ने प्रथम व अवनी चौधरी कक्षा 6 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही कक्षा 9 से कक्षा 12 वर्ग में कक्षा 9 से अमनदीप ने प्रथम तथा कक्षा 9 से तरमनदीप द्वितीय स्थान पर रही। इसी क्रम में बैलेंस द बुक का आयोजन किया गया जिसमें छात्र वर्ग से कक्षा 9 से वासु सैनी वह छात्राओं के वर्ग से कक्षा 9 की छात्रा युमन फातिमा प्रथम स्थान पर रही। इस अवसर पर अध्यापक मोहित कुमार शर्मा ने सैंटा बनकर सभी बच्चों को टॉफी व चॉकलेट वितरित की जिससे सभी बच्चे प्रफुलित हो उठे। कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा 8वीं की छात्रा आकाशी अग्रवाल व तिथिक्षा कौशिक ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य आशा त्यागी ने सभी को क्रिसमस डे की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में गौरी कौशिक रुचि चौहान शिल्पी चिकारा दीपक शर्मा आशु सैनी प्रियंका त्यागी रूपम त्रिवेदी अंजू चौहान नविता चौहान देवेंद्र कुमार रजनीश शर्मा मोहित कुमार शर्मा आदि समस्त स्कूल स्टाफ का योगदान रहा।